■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार और झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

वर्ष : 35 अंक : 281
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शुक्रवार
14 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रूपये
रजि. नंबर : 52290/ 90

### शुभकामनाएं

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक

### सूचना

होली के अवसर पर 14 एवं 15 मार्च 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 17 मार्च को प्रकाशित होगा।

संपादक

# पटना हवाई अड्डा का विस्तार जल्द मुख्यमंत्री ने किया कार्यों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के निर्माणाधीन टर्मिनल का निरीक्षण किया। इस दौरान कैफेटेरिया, आधुनिक लांज, पार्किंग, चेक इन काउंटर समेत टर्मिनल के विभिन्न भागों का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जून माह तक सारे कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। यहां 11 एयरो स्टेशन बनाये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण करें ताकि यहां यात्रियों को और सुविधा मिल सके। यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि को देखते हुये इस एयरपोर्ट का विस्तारीकण किया जा रहा है, जिसमें यात्रियों को आधुनिक सुविधायें मिल सकेगी। इस एयरपोर्ट से अधिक से अधिक उड़ानें संचालित होने से बड़ी संख्या में यात्री हवाई यातायात का लाभ उठा सकेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहटा में बनाये जानेवाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैश होगी। हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये यहां



आधुनिकतम व्यवस्थायें की जायेगी। यहां 10 ऐयरो स्टेशन होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन खगौल बिहटा ऐलिवेटेड सड़क का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण हो ताकि लोगों को हवाई यात्रा में और सहूलियत हो। जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना और बिहटा एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट की शुरूआत होगी, जिसका लाभ बिहार के लोगों को मिलेगा। विभिन्न जगहों के लोगों को कहीं भी विमान से आने-जाने में सहूलियत होगी। जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से बिहटा एयरपोर्ट तक कम से कम समय में पहुंचने के लिये खगौल बिहटा ऐलिवेटेड सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़नेवाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। ज्ञातव्य है कि बिहार कैबिनेट ने हवाई संपर्क और क्षेत्रीय विकास को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्सौल ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट के लिये 139 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसकी लागत 207 करोड़ रूपये होगी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्री-फिजिबिलिटी स्टडी और ऑब्स्टेकल लिमिटेशन सरफेस सर्वे पूरा कर लिया गया है। दरभंगा एयरपोर्ट का अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार रनवे विस्तार किया जायेगा ताकि बड़े विमान भी यहां उतर सकें। इसके लिए 90 एकड़ अतिरिक्त भूमि 245 करोड़ की लागत से अधिग्रहित की जाएगी। बिरपुर एयरपोर्ट (सुपौल) का उड़ान योजना के अंतर्गत विकास हेतु 88.83 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को 42.37 करोड़ की लागत से कैबिनेट ने मंजूरी दी है। अब तक भूमि अधिग्रहण के लिये 495 करोड़ रूपये आवंटित की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर0 पुदुकलकुट्टी, मंत्रिमंडल समन्वय विभाग के विशेष सचिव निलेश देवरे, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारीगण तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने दी होली की बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को रंगों के त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है। होली का यह पवित्र त्योहार राज्यवासियों की जिंदगी में खुशियों का नया रंग लेकर आयेगा। यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बिना किसी भेदभाव के लोग एक दूसरे के प्रति प्रेम-सद्भाव का व्यवहार रखते हैं। लोग आपस में मिल-जुलकर खुशियाँ बांटते हैं। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से होली का त्योहार पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।

## विधायक पर प्राथमिकी

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर क्षेत्र से सत्तारुढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक नरेन्द्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल के विरुद्ध अश्लील भोजपुरी गीत गाने के आरोप में पुलिस ने आज स्थानीय थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि जिले के नवगछिया बाजार में विगत दिनों होली मिलन समारोह में भोजपुरी गायक छैला बिहारी के चल रहे कार्यक्रम में जदयू विधायक गोपाल मंडल ने एक भोजपुरी गीत पर डांस करते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था।

## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होली और रमजान के जुमे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने प्रदेशवासियों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने, रैश ड्राइविंग न करने तथा डीजे न बजाने का संदेश दिया है। उन्होंने गुरूवार को कहा कि त्योहार के दौरान डीजे, सार्वजनिक रूप से अश्लील गाना बजाना, सड़कों पर हुड़दंग जैसी असामाजिक स्थिति को बढ़ावा न दें। विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में सहयोग करें। विनय कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों, वैमनस्यता को बढ़ावा देने वाले पोस्ट को शेयर करने वालों पर निगरानी रखी जाएगी। त्योहार के दौरान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। डीजीपी ने यह भी कहा कि सभी जिलों में सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत किया जाएगा। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर बाजार से कपड़ा खरीद वापस घर लौट रहे तीन बाइक सवार युवकों को एक बेकाबू ट्रक ने रौंदा दिया जिसमें मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। इसे ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया में रेफर कर दिया गया है। इस घटना से मृतकों के परिजनों में शोक व्याप्त है और होली त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। घटना गुरुवार को मदनपुर थाना सीमा से सटे गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गांव के समीप एनएच 19 पर की है। बताया जाता है कि मदनपुर बाजार से कपड़े खरीद कर बाइक से तीनों युवक घर जा रहे थे। एक बस लेम्बुआ में एनएच -19 पर सवारियों को उतारने के लिए रोकी। बस से सवारी रोड पार कर रहे थे। तभी बाइक सवार युवक रोड पार कर रहे थे जिसमें एक ट्रक ने पीछे से बाइक सवारों को रौंदा दिया। इसमें दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतकों में गया जिला के आमस थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी संजय यादव के पुत्र सतीश कुमार एवं महेन्द्र प्रसाद गुप्ता के पुत्र रंजीत कुमार के रुप में पहचान की गई है। जबकि गंभीर अवस्था में घायल उस गांव निवासी संजय यादव का दूसरा बेटा प्रदीप कुमार है जिसे स्थानीय लोगों ने मदनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है।



# शालीमार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्री सुविधाओं में होगा बड़ा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के प्रमुख टर्मिनल शालीमार रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह स्टेशन कोलकाता को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। हावड़ा जंक्शन पर भीड़ कम करने के उद्देश्य से विकसित किए गए इस स्टेशन का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में यहां से मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, विशाखापत्तनम, उदयपुर, पुरी और भुवनेश्वर जैसी प्रमुख गंतव्यों के लिए कई एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें संचालित होती हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या और ट्रेनों की आवाजाही को सुचारु बनाने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे ने शालीमार स्टेशन के व्यापक पुनर्विकास की योजना बनाई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पुनर्विकास के तहत कई प्रमुख संरचनात्मक कार्य पूरे हो चुके हैं जिनमें शामिल हैं- नया




स्टेशन भवन (संरचनात्मक कार्य पूर्ण), 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, जो प्लेटफॉर्म-1 को प्लेटफॉर्म-2 और 3 से जोड़ता है, दूसरा 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, जो प्लेटफॉर्म-2 और 3 को प्लेटफॉर्म-4 और 5 से जोड़ता है, चार पिट लाइन और छह स्टैबलिंग लाइनें का निर्माण, नए प्लेटफॉर्म नंबर-1 का नवीनीकरण, स्टेशन क्षेत्र में कंक्रीट सड़क और गंगा छोर पर कार पार्किंग निर्माण, तीन अंडरपास/सबवे, दो लाख गैलन क्षमता के तीन ओवरहेड टैंक, शामिल हैं। यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं भी बधाई गयीं जिनमें स्टेशन भवन में 5 लिफ्ट की स्थापना, प्लेटफार्म-1 से प्लेटफार्म-2/3 तक जाने के लिए 4 एस्केलेटर, प्लेटफार्म-1 से प्लेटफार्म-2/3 के अंडरपास तक जाने के लिए 4 ट्रैवलेटर, प्लेटफार्म और सबवे-3 को जोड़ने के लिए 4 एस्केलेटर शामिल हैं। आने वाले समय में पूरे किए जाने वाले कार्य में प्लेटफॉर्म-2/3 पर नया प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण, प्लेटफॉर्म-4/5 के लिए नया द्वीप प्लेटफॉर्म और दो सबवे, 64.09 मीटर लंबे रोड ओवर ब्रिज का निर्माण, रैंप और सीमित ऊँचाई वाले अंडरपास का निर्माण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उन्नयन शामिल हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि शालीमार स्टेशन का पुनर्विकास चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और रेलवे संचालन प्रभावित न हो। इस परियोजना के पूरा होने के बाद शालीमार रेलवे स्टेशन एक आधुनिक यात्री टर्मिनल के रूप में उभरेगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाएं और सुगम यात्रा अनुभव मिल सकेगा।

# अररिया में एएसआई की हत्या ने खोली सरकार की कलई : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के अररिया जिले में अपराधियों को पकड़ने गए पुलिस बल पर हमला करके एएसआई की हत्या किए जाने पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा है कि राज्य में नीतीश भाजपा सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। बिहार में रोज अपराधियों का कहर जारी है और अब प्रशासन पर भी अपराधी कहर बनकर टूट रहे हैं जो यह बताने को काफी है कि अब राज्य में सरकार पूरी तरीके से नाकाम हो चुकी है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि जिस दिन अखबार या समाचार देखिए तो राजधानी पटना में दिनदहाड़े हत्या, गैंगवॉर, अपहरण तो आरा मुख्य बाजार में भीषण डकैती की घटना ही पढ़ने देखने को मिलती है। कभी शराब व बालू माफियाओं के द्वारा पुलिस पर हमले तो कभी तस्करों के द्वारा हमले के बाद अब अपराधियों की धरपकड़ करने गई पुलिस को भी अपराधियों के समक्ष आत्म रक्षा नहीं कर पाना यह बताता है कि राज्य में अराजक माहौल बन चुका है जिसके जिम्मेदार नीतीश और भाजपा की सरकार है। राज्य में महाजंगलराज का माहौल बन गया है जिसमें व्यवसायी और आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, लेकिन अब तो पुलिस भी इस मामले में खुद को असक्षम साबित कर चुकी है। अररिया की घटना जिसमें नाहक बिहार पुलिस के एएसआई की हमलावर भीड़ हत्या कर देती है वो बर्दाश्त से बाहर है। रोज अपराधियों के द्वारा हत्याओं, लूट, डकैती और छिनतई की घटनाओं के बाद अब पुलिस को ही लक्षित करके अपराधी हमले करने लग रहे हैं। राज्य में पुलिस के माध्यम से सरकार वसूली और दबंगई का वीडियो देखने की आदि जनता को अब पुलिस के ऊपर ही ऐसी ज्यादती देखने को मिल रही है तो इसमें सीधे-सीधे सरकार और प्रशासन जिम्मेदार है।

# स्वास्थ्य की दृष्टि से जैविक खाद और जैविक कीटनाशकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। यह परिभ्रमण 10 मार्च 2025 को विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार केसरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें सत्र 2022-2024 के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। परिभ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने शेखवारा स्थित नंदिनी बायोफर्टिलाइजर संस्थान का दौरा किया जहां उन्होंने जैविक कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस शैक्षणिक भ्रमण में विभाग के शिक्षकों–डॉ कुमारी अदिति, पूनम सिंह और आभा




कुमारी की भी सक्रिय भागीदारी रही। संस्थान के प्रोपराइटर संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को केंचुआ पालन एवं केंचुआ खाद निर्माण की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। इसके साथ ही छात्रों ने जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों के महत्व को समझा और उनके प्रयोग से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रो दिलीप कुमार केसरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से जैविक खाद और जैविक कीटनाशकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों की तुलना में जैविक खाद अधिक टिकाऊ और पर्यावरण हितैषी होती है जिससे कृषि उत्पादकता को बिना किसी हानिकारक प्रभाव के बढ़ाया जा सकता है। इस शैक्षणिक परिभ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को जैविक कृषि और सतत विकास की ओर एक व्यावहारिक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन और जंतु विज्ञान विभाग को धन्यवाद दिया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में जरूर भाग लें : डा. नीतू कुमारी नवगीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा मां गायत्री बाल संस्कार शाला में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में जरूर से जरूर भाग लें। ताकि पटना की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो सके। संस्कारशाला की संचालिका श्वेता रश्मि ने कहा कि शहर की स्वच्छता के लिए हर




व्यक्ति को अपनी ओर से योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमारी आदतों में शुमार होना चाहिए। इस अवसर पर शुभम रंजन ने विस्तार से स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में माया रानी, सतवंती देवी, मंजू देवी, आशादीप, सविता अग्रवाल, शीला देवी, अनुराधा सिंह, नीलिमा सिंह, शोभा देवी, सुशीला देवी, गौरी देवी, आशा देवी, पार्वती देवी, बिंदु देवी, विभा कर्ण, गंगा देवी, प्रतिमा देवी, मीना देवी आदि ने स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया और स्वच्छता के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। जागरूकता कार्यक्रम में राजनंदनी कुमारी, शिखा कुमारी, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, कोमल कुमारी, खुशी कुमारी, प्रिंस कुमार, अंशु कुमार, विकास कुमार, मनीष कुमार, राजीव कुमार और शिवांश प्रतीक ने भी हिस्सा लिया। लोक गायिका नीतू नवगीत ने बिहार के पारंपरिक गीतों के माध्यम से स्वच्छता और श्रमदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में प्रणय सिन्हा, बीमा आयुक्त (पूर्वी अचंल) की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 9 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में




जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएसएस/ सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें।

# होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुछ और अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार किया जा रहा है। गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली (हैदराबाद)-पटना स्पेशल (गया-कोडरमा-गोमो-बोकारो-रांची-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली (हैदराबाद) स्पेशल 17.03.2025 से 28.05.2025 तक पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 15.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.30 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 07255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल 19.03.2025 से 28.05.2025 तक चर्लपल्ली से प्रत्येक बुधवार को 23.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 11.30 बजे पटना पहुंचेगी तथा गाड़ी सं. 07256 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल 21.03.2025 से 30.05.2025 तक चर्लपल्ली से प्रत्येक शुक्रवार को 21.00 बजे खुलकर रविवार को 09.30 बजे पटना पहुंचेगी। गाड़ी सं. 05273/05274 दरभंगा-दौराई (अजमेर)-दरभंगा स्पेशल (सीतामढ़ी-रक्सौल- नरकटियागंज-गोरखपुर-मथुरा-जयपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 05273 दरभंगा-दौराई स्पेशल 22 एवं 29 मार्च, 2025 को दरभंगा से 13.15 बजे खुलकर अगले दिन 22.30 बजे दौराई पहुंचेगी।

# बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से हो चुकी है ध्वस्त : अखिलेश सिंह

## सार्वजनिक जीवन में सभी को मर्यादा में रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने अररिया में दारोगा की हत्या पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने गुरुवार को कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री के हाथ में कुछ भी नहीं है, वे सिर्फ वही कर रहे हैं जो भारतीय जनता पार्टी उन्हें कह रही है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच बिहार विधान परिषद में हुई तीखी बहस पर उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सभी को मर्यादा में रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो। मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पर उन्होंने कहा कि बिहार में स्थिति बेहद खराब है और मुख्यमंत्री को इस पर खुद निर्णय लेना चाहिए। दरअसल, एक दिन पहले नीतीश कुमार और राबड़ी देवी में सदन में काफी देर तक नोकझोंक हुई थी। बाद में राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनका अपमान किया। नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि वे अक्सर ही महिलाओं के लिए अपमानसूचक टिप्पणी करते हैं। इसे लेकर सदन में और फिर बाहर भी काफी हंगामा हुआ। राबड़ी देवी ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा भी मांगा। बिहार में कांग्रेस की रोजगार दो और पलायन रोको यात्रा को लेकर अखिलेश सिंह ने कहा कि अब कांग्रेस कमर कसकर चुनावी मैदान में उतरेगी। इसी के तहत बिहार की यात्रा का कार्यक्रम बनाया गया है। वहीं संभल में मस्जिदों को ढकने के मामले पर उन्होंने कहा कि यह एक एजेंडा है और इस पर विस्तार से बात की जानी चाहिए।

# मसौढ़ी अनुमंडल में 58 जगहों पर जली होलिका, चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बुराई पर अच्छाई का प्रतीक होलिका दहन धू धू कर जली, गांव से लेकर शहर तक लोगों में होलिका दहन को लेकर उत्साह रहा। देर रात तक होलिका दहन के पास भजन कीर्तन के साथ फगुआ गीत गाते रहे। ऐसे में होलिका दहन पर विधि व्यवस्था की संधारण को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर दिखी, एक तरफ जहां बिजली विभाग भी चौकस रहीं, अपने कर्मचारियों को जगह-जगह पर प्रतिनियुक्ति की है वहीं पूरे मसौढी अनुमंडल 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल मुख्यालयों में नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। ऐसे में पूरे मसौढ़ी अनुमंडल के तीनों प्रखंड मिलाकर कुल 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो तीन पालियों में मुस्तैद रहेंगे। मसौढ़ी प्रखंड में कुल 25, धनरूआ प्रखंड में 18 और पुनपुन प्रखंड में 15 जगहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने होलिका दहन के दौरान सभी अस्पतालों को एंबुलेंस, क्यूआरटी टीम गठन और बिजली विभाग के पदाधिकारी को मुश्तैद रहने की हिदायत दी है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र ने रंगों के पर्व होली के शुभ अवसर पर अम्बुजा नेवटिया कॉमन हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस उत्सव का नेतृत्व क्लब की अध्यक्ष संगीता गोयल ने किया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत-संगीत, होली की विशेष कविताएं और मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। अध्यक्ष




संगीता गोयल ने कहा इनर व्हील क्लब का उद्देश्य समाज में सद्भाव, सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। इस तरह के आयोजन हमें आपस में जोड़ते हैं और सामाजिक कार्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। इस मौके पर क्लब की अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए और समाज सेवा के प्रति क्लब की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया गया जिसमें विशेष रूप से ठंडई और गुझिया आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का समापन होली गीतों और नृत्य के साथ हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए क्लब की पूरी टीम को बधाई दी। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मंडला अध्यक्षा श्वेता सिंहा, वीणा जैन, क्लब अध्यक्षा संगीता गोयल, सचिव अपर्णा भारती, पूर्व अध्यक्षा सुनीता खेमका, बबीता बीदासरिया, कंचन रॉय, नीलू अरोड़ा, नीतू बिड़ला आदि उपस्थित थी। इस समारोह की व्यवस्था पूर्व अध्यक्षा सुमन माहेश्वरी, स्वाति मोदी, रुचिका अग्रवाल, सीमा पचीसिया, बिंदु चौधरी, श्रुति बंसल, सुधा बीदासरिया, सुधा चौधरी, कविता सुनीता ने बहुत सुन्दर तरीके से किया।

# धनरूआ प्रखंड प्रमुख कार्यालय में होली मिलन समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली पर्व में आपसी एकता एवं भाईचारे के साथ धनरूआ में प्रखंड प्रमुख कार्यालय में सभी पंचायत समिति अन्य कर्मचारियों के साथ प्रखंड प्रमुख बबीता देवी की अध्यक्षता में होली मिलन कार्यक्रम किया गया जहां पर सभी पंचायत समिति अन्य कर्मचारी, सीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को रंग अबीर लगाकर होली की बधाई दी गई एवं सबको सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप प्रखंड प्रमुख प्रेम कुमार ने बताया कि गुरुवार को धनरूआ प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ रंग अबीर के साथ सबको शुभकामना दी गई है एवं आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की गई है। इस मौके पर बबीता देवी प्रखंड प्रमुख, प्रेम कुमार प्रखंड उप प्रमुख, धर्मेन्द्र रजक पंचायत समिति सदस्य, सुरेंद्र यादव, मथुरा प्रसाद, राज किशोर प्रसाद, धर्म वीर प्रसाद, चितरंजन पासवान, रवि जी, मंटू जी, शैलेन्द्र जी, सुजीत कुमार, अंचल अधिकारी श्वेता कुमारी, सांख्यिकी पदाधिकारी मिथलेश कुमार शामिल रहे।

# एग्जीबिशन रोड में राजस्थानी परम्परा से मना होलिका दहन का त्योहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा राजधानी के एग्जीबिशन रोड में पूरी राजस्थानी संस्कृति से होलिका दहन का त्योहार विधि विधान से मनाया गया। इस मौके पर राजस्थानी समाज की महिलाओं ने पूरी संस्कृति के अनुसार होलिका दहन का त्योहार मनाया और ठंडी होलिका की पूजा की। इस संदर्भ में शक्तिधाम स्थित दादी जी मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि वहां विगत 35 साल से होलिका दहन का कार्यक्रम मनाया जा रहा है जहां



राजस्थानी समाज की महिलाएं चुनरी पहनकर पूरी, हलवा व कच्चा सूत लेकर होलिका की परिक्रमा करती है और ठंडी होली की पूजा करती है। एम पी जैन ने बताया कि इस मौके पर निर्मल झुनझुनवाला, हनुमान गोयल, संतोष अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रदीप पंसारी, शकुंतला अग्रवाल, रेखा मोदी, इंदिरा खंडेलवाल, सरोज बंका, सरिता बंका सहित बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज के लोगों ने होलिका दहन की पूजा अर्चना की।

# होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** स्थानीय अवर निबंधन कार्यालय में अवर निबंधक डॉक्टर रत्नामनी केसरी के नेतृत्व में वसीका नवीससंघ के सदस्य एवं कर्मचारियों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर डॉक्टर रत्नामनी केसरी ने कहा कि होली रंग उमंग और प्रेम का प्रतीक है। इस मौके पर वसीका नवीससंघ के अध्यक्ष गिरीश नंदन सिंह, कार्यालय कर्मी तरुण कुमार, राजन कुमार, गणेश कुमार, भूषण कुमार, दीपक कुमार, गौरव सिन्हा सहित कई कर्मी और दस्तावेज लेखक मौजूद थे।

# बाइक सवार तीन युवक पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के बारिबिगहा के पास बाइक पर सवार तीन युवकों को कादिरगंज पुलिस ने पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि कुछ युवक गांव के आसपास मंडरा रहे हैं। शायद कोई अपराध की योजना बनाने में जुटे थे। ऐसे में तुरंत पुलिस ने छापेमारी की और भागते हुए सभी लफंगों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान पांच जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल और एक



बाइक को जब्त किया गया है। हालांकि उसके पास पिस्तौल की जानकारी मिली थी, लेकिन पुलिसिया तलाशी के दौरान कहीं फेंक देने की भी सूचना है। जांच के दौरान पिस्टल नहीं मिली है। पूछताछ के दौरान पता चला कि तीनों युवक जहानाबाद जिले के बीबीपुर पाली के रहने वाले हैं और यहां नाच देखने के लिए आए हुए थे। गिरफ्तार युवक का नाम विक्की कुमार पिता संजय प्रसाद, बीबीपुर पाली फिलहाल लग्नपट्टी अपने मामा के यहां रहता है, दूसरा साहिल कुमार पिता शास्त्री प्रसाद, तीसरा बृजेश कुमार दिनेश प्रसाद सभी बीबीपुर पाली जहानाबाद के रहने वाले हैं गिरफ्तार सभी युवकों का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# पीएम जन विकास कार्यक्रम के तहत पुनपुन में चार पुस्तकालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने को लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेलकूद, पेयजल, स्वच्छता व सोलर एनर्जी के प्रोजेक्ट स्वीकृत किए जाएंगे। ऐसे में मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में योजना का चयन किया जा रहा है जहां पुनपुन में तीन उच्च विद्यालय में लाइब्रेरी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में पटेल पुस्तकालय, धनरूआ प्रखंड के मई नेतौल में डिजिटल लाइब्रेरी और सामुदायिक शौचालय योजना चयन किया गया है। गौरतलब है कि पीएम जन विकास कार्यक्रम हेतु पुनपुन में चार पुस्तकालय की योजना ली गई है जिसमें उच्च विद्यालय केवड़ा, उच्च विद्यालय लखना, उच्च विद्यालय डुमरी और नगर पंचायत वार्ड संख्या 2 में पटेल पुस्तकालय हैं की योजना ली गई है। सभी पुस्तकालय 1700 स्क्वायर फीट में बनेगा तकरीबन 47 लाख की लागत से यह बनाया जाएगा जिसका संचालन विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा किया जाना है।

# दो ऑटो पर लदी भारी मात्रा में शराब जब्त

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** होली पर्व को लेकर चलाए जा रहे ऑपरेशन देसी शराब के दौरान मसौढ़ी पुलिस ने संघत पर मोहल्ले के पास दो ऑटो में लदा हुआ भारी पैमाने पर देसी शराब को जब्त किया। बताया जाता है कि संघत पर मुसहरी से देसी शराब पॉलिथीन में भरकर अन्यत्र जगह पर डिलीवरी करने की तैयारी थी। ऐसे में सूचना के आधार पर मिली जानकारी पर पुलिस ने दो ऑटो में लदा हुआ पॉलिथीन में भरा हुआ देसी शराब को जब्त किया गया जहां 156 लीटर देसी शराब है। वहीं शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे। विजय यादवेंदु ने बताया कि संघतपर मुसहरी से कहीं और ले जाने की तैयारी में थे जिसे मौका रहते उसे जब्त कर लिया गया है अन्य बिंदुओं पर जांच चल रही है।

# होली की पूर्व संध्या पर कई थानों की पुलिस ने शहर में निकला फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** होली पर्व और रमजान के जुम्मे को लेकर इन दिनों मसौढ़ी अनुमंडल के सभी पुलिस अलर्ट मोड पर हैं, ऐसे में होली की पूर्व संध्या पर मसौढ़ी थाने की पुलिस एवं धनरूआ थाने के पुलिस समेत कई थानों की पुलिस शहर में पैदल गश्ती का फ्लैग मार्च करते हुए पूरे शहर में एरिया डोमिनेशन की। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विजय यादवेन्दु और धनरूआ के थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि यह फ्लैग मार्च पूरे पुलिस टीम के साथ थाने से निकालकर पूरे शहर में भ्रमण कराया गया है। मसौढ़ी मुख्य शहर के अलावा रहमतगंज, मालिकाना, कश्मीरगंज, पुरानी बाजार, संगत पर मोहल्ले में गश्ती मार्च निकाला गया है। इसके अलावा धनरूआ में शाहरू बाजार पभेडा, छाती, कैली आदि जगहों पर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने की अपील की है। इसके साथ ही माइकिंग के द्वारा होली में हुड़दंग करने वाले लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर होली में कोई भी विधि व्यवस्था में बाधक बनेंगे तो उन पर पुलिस सख्त कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### नाबालिग अपहरण मामले में जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने नइकी गांव के प्रितम कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि एक नाबालिक के अपहरण किये जाने की प्राथमिकी संख्या 516/24 नाबालिग की मां द्वारा थाना में दर्ज कराई गई थी। इसी मामले में सूचना के आधार पर इसके घर से इसे गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया।

### प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गुरुवार को प्रखंड के रुकुन्दी उच्च विद्यालय में बिहार दिवस के अवसर पर होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां गणित में मध्य विद्यालय महदीपुर कक्षा आठ के सूरज कुमार, जिके में अमन कुमार, पेंटिंग में उर्दू मध्य विद्यालय प्राणपुर के मो0 शमशाद, उच्च माध्यमिक विद्यालय रुकुन्दी के कुश कुमार, गणित में अनुराग कुमार, विज्ञान में रागनी कुमारी, पर्यावरण में सुहानी कुमारी व भूगोल में आयुष कुमार जिन्हें बीइओ व शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। अकाउंटेंट अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बच्चे चयनित किए गए हैं। उन्हें जिला स्तर पर अपना परचम लहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर बीइओ अशोक कुमार, प्रिंसिपल डॉ लालबाबू, शिक्षक अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अजय वर्मा, शकीर अहमद सहित अन्य उपस्थित थें।

### शांतिपूर्ण मनाने को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**रक्सौल।** होली पर्व और जुमे की नमाज़ को भयमुक्त वातावरण में आपसी सौहार्द के साथ मनाने का संदेश देने के दृष्टिकोण से एसडीएम शिवाक्षी दीक्षीत और एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार और बीडीओ जयप्रकाश के संयुक्त नेतृत्व में थाना से निकला फ्लैग-मार्च पुरे शहर का परिक्रमा किया। फ्लैग-मार्च के दौरान लोगों से शांति पूर्वक पर्व को मनाने कि अपील कि गयी। थाना चौक से निकला फ्लैग-मार्च बांटा चौक से पुनः नहर चौक के तरफ घुम गयी।






















### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस शराब के विरुद्ध मई गांव के उपेंद्र चौधरी के घर छापामारी कर शराब बरामद किया वहीं शराब बनाने का उपकरण जब्त करते हुए शराब कारोबारी उपेंद्र चौधरी को गिरफ्तार किया। जहां मद्य निषेध अधिनियम के सुसंगत धाराओं के साथ उपेंद्र चौधरी को नामजद आरोपी बनाते हुए। पुसअनि सह एएलटीएफ मुक्तिदेव निराला ने प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया। इस इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि होली पर्व को लेकर शांति व्यवस्था हेतु शराब के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया गया।

































# डीएम-एसएसपी की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिले के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम एवं एसएसपी आनंद कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को पुलिस केंद्र, गया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीटी एसपी, एएसपी ग्रामीण/ नगर, सभी डीएसपी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य होली पर्व के दौरान नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करते हुए इस पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराना था। बैठक में वरीय पदाधिकारियों के द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं ताकि भीड़ को कुशलता से नियंत्रित किया जा सके।

सार्वजनिक स्थलों और मुख्य चौराहों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ताकि हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों का भी प्रयोग किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी रखी जा रही है। ताकि अफवाहों को रोका जा सके और भ्रामक एवं भड़काऊ पोस्ट करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उच्च ध्वनि वाले साउंड सिस्टम और डी.जे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर तरह की तैयारी की गई है। आयोजन के बेहतर समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर यातायात को सुचारु रखने के लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है और विभिन्न स्थानों पर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर-8544501050 तथा बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। शराब और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों पर निगरानी रखने के लिए विशेष टीम सक्रिय की गई है। साथ ही कहा गया कि गया पुलिस आप सभी नागरिकों से अपील करती है पुलिस/प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें और होली पर्व को सुरक्षित, उल्लासपूर्ण एवं यादगार बनाएं।

# शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

## बिना किसी डर से लोग होली का मनायें त्योहार : एसडीपीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** होली को शांतिपूर्वक मनाने की अपील एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रदर्शित करते हुए गुरूवार को इमामगंज एवं रानीगंज बाजार में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का निर्देशन इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार कर रहे थे। बता दें कि इमामगंज पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में प्रेम व भाईचारा के साथ होली त्योहार मनाने को लेकर प्रशासन मुस्तैद नजर आ रही है। इस दौरान क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला से अतिरिक्त फोर्स मंगाया गया है। ताकि बिना किसी डर से लोग होली का त्योहार मनायें। इस संबंध में डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि जिला से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को बुलाया गया है। ताकि पर्व त्योहार के दौरान सुरक्षा व विधि-व्यवस्था कायम रहे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के साथ इमामगंज और बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया। ताकि नगर वासियों के बीच सुरक्षा की भावना बना रहे। उन्होंने बताया कि होली त्योहार को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद है। वहीं नक्सल क्षेत्रों में जिला पुलिस के साथ केंद्रीय सुरक्षाबलों को एरिया डोमिनेशन एवं सर्च अभियान के लिए लगाया गया है। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है जो लोग भी अफवाह व गलत सूचना पोस्ट करते हैं तो उन लोगों कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर फ्लैग मार्च थाना से निकल कर मुख्य बाजार का भ्रमण किया है। वहीं कोठी थानाध्यक्ष संजीत कुमार व सलैया थानाध्यक्ष श्रीनारायण यादव के नेतृत्व में होली को लेकर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर डीएसपी अमीत कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर विरेन्द्र पासवान, इमामगंज थानाध्यक्ष अमीत कुमार, एसआइ चंदन कुमार राम, आकाश कुमार, सुशील पांडेय सहित सुरक्षा बल मौजूद रहे।

# भाजपा पूर्वी के अध्यक्ष द्वारा गठित कमेटी में जाति का कोई समीकरण नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला भाजपा पूर्वी के अध्यक्ष विजय कुमार मांझी द्वारा गठित कमेटी में जाति का कोई समीकरण नहीं रखा गया है। यह मुद्दा पार्टी के अंदर चिंता का विषय बन चुका है। इस कमेटी में सिर्फ चापलूसी, एवं पार्टी के द्वारा जो चुनाव के समय गद्दारी किया है वैसे लोगों को संगठन में जगह दिया गया है। पूर्वी के बाहर के लोगों को महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं कई अनुभवी और मेहनती पदाधिकारी, जिला के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिन्होंने बेलागंज विधानसभा चुनाव प्रभारी के पद पर रहते हुए महत्वपूर्ण चुनाव में शानदार विजय हासिल की है, उनका नाम एक भी बार नहीं लिया गया। वहीं भाजपा नेता अशोक प्रसाद भारती ने इस नियुक्ति प्रक्रिया की कड़ी निंदा की है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पासवान समाज का छः प्रतिशत वोट है, लेकिन दरकिनार किया गया है। इस प्रकार की व्यवस्था पार्टी की मेहनती रचनात्मकता को नकारते हुए केवल प्रभावित व्यक्तियों को ही ऊंचा दर्जा देने का प्रयास है। अशोक प्रसाद भारती ने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे की शिकायत प्रदेश के साथ-साथ जन-जन तक तक ले जाएंगे, ताकि पार्टी में पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर ही निर्णय लिए जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में ऐसे निर्णयों से बचते हुए अनुभव और समर्पण को ध्यान में रखते हुए ही नियुक्तियां की जाएगी जिससे पार्टी की आंतरिक एकता एवं जनविश्वास बनी रहे। उन्होंने कहा कि सिर्फ जिलाध्यक्ष सार्वजनिक रूप से बताएं कि कमेटी में जो लिए गए हैं किस आधार पर लिए गए हैं सिर्फ झोला धोना और चमचागिरी करना ही पार्टी का नेता है हम लोग खुली रूप से बगावत करेंगे।

# गुरुआ थाना का वार्षिक निरीक्षण

**गया(नबिटा सं.)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा एएसपी सह डीएसपी शेरघाटी एक शैलेंद्र सिंह के साथ गुरुआ थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने थाना में संधारित की जाने वाली सभी संचिकाओं और अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया तथा सभी अभिलेखों को अद्यतन और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों, वारंट एवं कुर्की के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा एसएसपी ने सभी पदाधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के उपरांत, थाना परिसर का भ्रमण करते हुए एसएसपी ने थाना प्रबंधन को और भी प्रभावी एवं बेहतर बनाने के सुझाव दिए।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** आमस थाना क्षेत्र के लेमबुआ मोड़ के पास सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज मदनपुर के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। भर्ती मरीज की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतक की पहचान आमस थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी महेंद्र प्रसाद के पुत्र 20 वर्षीय रंजीत कुमार एवं दूसरा मृतक इसी गांव निवासी संजय यादव के पुत्र सतीश कुमार के रूप में किया है जबकि घायल की पहचान संजय यादव के पुत्र प्रदीप कुमार के रूप में किया गया है। घटना गुरुवार को दोपहर 2 बजे की है। बताया जाता है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार हो कर तीनों मदनपुर होली पर्व को लेकर बाजार के लिए जा रहे थे। इसी बीच ट्रक के चपेट में आने से दो लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आमस थाने की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर शेरघाटी पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

# डेल्हा थाना क्षेत्र से छापामारी के दौरान 17 कैरेट बीयर बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी से 17 कैरेट बीयर बरामद किया है। होली पर्व को लेकर उक्त बीयर की खेप मंगाई गई थी जिसकी कीमत लगभग 17 लाख रुपए बताई जा रही है। इस संबंध में टाउन डीएसपी-2 धर्मेंद्र भारती ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लोको कॉलोनी में होली पर्व को लेकर शराब की तस्करी की जा रही है जिसके आधार पर डेल्हा थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई। लोको कॉलोनी स्थित एक बंद मकान से पुलिस ने 17 कैरेट बीयर बरामद किया। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है जिस मकान से बरामदगी की गई वह इस्तेमाल में नहीं है, वह एक सरकारी आवास है जिसकी तोड़े जाने की सूचना जारी हो चुकी है। इसी का फायदा उठाकर उक्त मकान में बीयर को रखा गया था। पूछताछ के क्रम में शराब तस्कर सुरेश प्रसाद का नाम आ रहा है। पूर्व में भी वह जेल जा चुका है। चरस, गांजा बेचने के मामले में भी पूर्व में उसके ऊपर प्राथमिक दर्ज है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के परसावां मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत गुरुवार के सुबह हो गयी। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार गुरुआ बाजार निवासी कौशल राज उर्फ पिंटू साव उम्र (24) पिता कृष्णदेव साव अपने ससुराल गोह बाजार में अपनी पत्नी को लाने स्कूटी से जा रहा था जब वह गया-गोह मार्ग पर स्थित परसावां मोड़ के पास अपने स्कूटी में पेट्रोल डलवाने के लिए पेट्रोल पंप के तरफ घुमा, तभी तेज रफ्तार ईंट से लदा ट्रैक्टर ने कुचल दिया जिससे उक्त युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं ट्रैक्टर का चालक ट्रैक्टर को छोड़ भागने में सफल रहा। घटना की खबर सुन कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह मौके पर दल-बल के साथ पहुंचे और युवक की पहचान कर उसके परिजन को जानकारी दी गई। उसके बाद परिजन में कोहराम मच गया। पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम कराने के लिए मेडिकल कॉलेज गया शव को भेजा। बता दें कि मृतक का गुरुआ बाजार में मिठाई का दुकान है और उसका एक बच्चा भी है।

# एसएसपी ने टिकारी थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार गुरुवार को टिकारी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। टिकारी थाना पहुंचे एसएसपी श्री कुमार को पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान एसएसपी श्री कुमार ने थाना में संघारित संचिका वरीय पुलिस अधीक्षक ने थाने में संधारित सभी संचिकाओं और अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। संचिका को अद्यतन और व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही साथ श्री कुमार ने पुलिस पर हमला, सांप्रदायिक मामलों एवं अन्य गंभीर शीर्ष के लंबित कांडों, वारंट, इश्तिहार और कुर्की के शीघ्र निष्पादन हेतु पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया। इसके अलावा सीसीटीवी कंट्रोल रूम, थाना सरिस्ता, मालखाना और सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव के लिए पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल, सर्किल इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार, पुलिस अधिकारी सूर्येश शर्मा, विवेकानंद सिंह, कन्हैया कुमार, विजय कुमार, शिल्पी कुमारी, राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रधानाध्यापकों ने की बैठक

**बाढ़(नबिटा सं.)।** बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह इंटर स्कूल में प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुजीत कुमार सोनू की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई ।

# डीएम से मिले जदयू प्रवक्ता

**गया (नबिटा सं.)।** जदयू जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने गुरुवार को जिले के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम से मिलकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही जिलावासियों से शांति पूर्वक होली मानने की अपील किया। पटेल ने कहा कि होली का पर्व में खलल न पड़े इसके लिए जिला प्रशासन चुस्त दुरुस्त है, डीएम साहब के नेतृत्व में प्रशासन अच्छा काम कर रही है और होली शांति पूर्वक मानेगी।

# मुफ्त जॉब कार्ड और फोटो कॉपी से लोगों में हर्ष : संजय यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के पंचायत सरकार भवन, आंती में मुफ्त जॉब कार्ड और फोटो कॉपी वितरण से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह पहल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उक्त बातें आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने गुरुवार को कही। आगे उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण मजदूरों को हर वर्ष 100 दिन का रोजगार प्रदान किया जाता है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके। जॉब कार्ड धारकों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी प्रदान की जाती है। पंचायत सरकार भवन में प्रत्येक दिन सुबह के 10 बजे से शाम 4 बजे तक मुफ्त जॉब कार्ड और किसी भी व्यक्ति को फोटो कॉपी वितरण से लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी मिलेगी और वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए उक्त स्थल पर डाटा इंट्री ऑपरेटर राकेश कुमार ड्यूटी में तैनात दिखे। वहीं, मुखिया सुनीता कुमारी ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को मुफ्त फोटो कॉपी करने का पहल अपनी पहल है। इससे छात्रों को अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है।

# तकनीकी खराबी को ले दमकल बीच रास्ते में ही फंसा

**टिकारी(गया)(नबिटा सं.)।** पुआल के पुंज में लगी आग को बुझाने जा रही अग्निशमन की वाहन बीच रास्ते ही तकनीकी खराबी आ जाने के कारण फंस गई। अग्निशमन की उक्त वाहन को आम लोगों के धक्के से बीच सड़क से हटाया गया। जानकारी हो कि मउ थाना क्षेत्र के गुलरियाचक ग्राम में ग्रामीण सुदामा यादव के खलिहान में रखे पुआल के पुंज में आग लग गया। अगलगी की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना पर जा रहे अग्निशमन की वाहन संख्या बीआर 01 जीबी 4735 दुर्गा स्थान के समीप खराब हो गई। वाहन बीच सड़क ही रुक जाने के कारण जाम जैसी स्थिति हो गई।

# सामाजिक सुरक्षा मुद्दों पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सोशियोलॉजिकल स्टडीज विभाग द्वारा सामाजिक कार्य शिक्षकों के लिए सामाजिक सुरक्षा मुद्दों पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में सोशियोलॉजिकल स्टडीज विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम विजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में किया गया। पहले सत्र की शुरुआत उस्मानिया विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग के प्रो एस. एफ. चंद्रशेखर के ने जंजीरों को तोड़नाः भारतीय युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग का मुकाबला करना विषय पर बात की। अपने सत्र में उन्होंने परिवार, व्यक्तियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य और समाज पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रभावों के बारे में चर्चा की। उन्होंने मजबूत दवा कानून बनाकर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में निवारक समाधानों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने समाज में सामाजिक रक्षा सुनिश्चित करने में राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) की भूमिका पर प्रकाश डाला। संसाधन व्यक्ति के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. रवेंद्र सिंह जादौन ने भारतीय न्याय संहिता पर बात की जो भारतीय समाज की बदलती जरूरतों के आधार पर तैयार की गई है। भारतीय न्याय संहिता उन लोगों को आत्म-पुष्टि का अवसर देती है, जो खुद को सुधारना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी को निचली अदालत में दोषी ठहराया जाता है तो वह जिला अदालत, डबल बेंच, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में दया याचिका के लिए आवेदन कर सकता है। अगर वह उससे संतुष्ट नहीं है तो वह भारत के राष्ट्रपति के पास जा सकता है और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का भी दरवाजा खटखटा सकता है। राजस्थान के वनस्थली विश्वविद्यालय की प्रो मनु सिंह ने भारत में वृद्धावस्था पर व्याख्यान में जीवन की सभी सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को शामिल करते हुए वृद्धावस्था को परिभाषित किया और मृत्यु तक वृद्ध होते रहने को शामिल किया। कोंच में वृद्धा आश्रम के संस्थापक अजय प्रताप सिंह ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि असली प्यार इंसानियत में ही निहित है, असली सामाजिक कार्य तभी हो सकता है जब हम खुद को समाज की सेवा में डूबो दें और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ रहें। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने गुरुवार को बताया कि विभिन्न सत्रों का समन्वय डॉ. समापिका महापात्रा द्वारा समन्वित एक इंटरैक्टिव प्रस्तुति हुई जिसमें 5 टीमों ने 5 विषयों पर भाग लिया। प्रतिभागियों को 5 समूहों में विभाजित किया गया था जहां उन्होंने भिक्षावृत्ति, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, बुजुर्ग व्यक्ति, ट्रांसजेंडर और मानव तस्करी पर एक प्रस्तुति देकर सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। समापन समारोह में डीएसडब्ल्यू प्रो. पवन कुमार मिश्रा, प्रो. प्रणव कुमार, डीन, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड पॉलिसी, प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरेश नारायण पांडेय, प्रो. अनिल कुमार सिंह झा, डॉ. समापिका महापात्रा, डॉ. पारिजात प्रधान, डॉ. प्रिय रंजन, डॉ. रिंकी और डॉ. एपीए कबीर के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अन्य शिक्षक और छात्र मौजूद थे। अंत में डॉ. हरेश नारायण पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया।

# शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**वजीरगंज(गया)(नबिटा सं.)।** होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रदर्शित करते हुए गुरूवार को वजीरगंज एवं तरवां बाजार में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का निर्देशन कर रहे थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि आमलोगों को सुरक्षा व्यवस्था के लिये आश्वस्त करने एवं शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील के लिये फ्लैग मार्च निकाली गई। मार्च के माध्यम से शरारती तत्वों एवं अपराधियों को सांकेतिक चेतावनी भी दी गई है कि कानून तोड़ने पर किसी भी हाल में उन्हें बख्शा नहीं जायगा।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्लू-I I, दिनांक: 11.03.2025.** वरिष्ठ मंडल इंजिनियर/I, पूर्वी रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **(1) निविदा संख्या: टीएन-258-24-25। कार्य का नाम:** पुल संख्या 13 सीसीआर के स्पैन संख्या 5, 6 और 7 के लिए सैंड ब्लास्टिंग और मेटलाइजिंग का प्रावधान; **निविदा मूल्य:** रु. 5,41,64,415.50; **ईएमडी:** रु.4,20,800.00; **कार्य की समाप्ति अवधि:** 18 (अठारह) महीने। **(2) निविदा संख्या: टीएन-260-24-25 । कार्य का नाम:** बेलघोरिया स्टेशन (30 वर्गमीटर) में नए स्टाफ रूम (6X5 मीटर), नैहाटी पीआरएस गोदाम, एसएसई / इलेक्ट्रिकल (जी) / एनएच कार्यालय परिसर में टिन शेड, नैहाटी नदी किनारे सब स्टेशन, नैहाटी नदी किनारे पंप हाउस का निर्माण और नैहाटी पीएफ-1 स्क्रैप गोदाम (6x5x3 मीटर) में फर्श, दीवार प्लास्टर और दरवाजों के प्रतिस्थापन का निर्माण, सियालदह डिवीजन में चल रहे निर्माण कार्यों का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिए सियालदह डिवीजन पर इलेक्ट्रिकल जनरल डिपो के विकास के काम के संबंध में अन्य सभी सहायक कार्यों के साथ; **निविदा मूल्य:** रु. 31,03,069.46; **ईएमडी:** रु. 62,100.00; कार्य की समाप्ति अवधि: 09 (नौ) महीने। **(3) निविदा सं.: टीएन-261-24-25 कार्य का नाम:** सियालदह डिवीजन (फेज- I) पर सभी आरओबी पर ट्रैक्शन गार्ड / सुरक्षा स्क्रीन और एंटी क्रैश बैरियर प्रदान करना; **निविदा मूल्य:** रु. 2,00,86,372.06; **ईएमडी:**रु. 2,50,400.00; **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 (बारह) महीने; **निविदा बंद करने की तिथि और समय:** 04.04.2025 को 15.00 बजे; **निविदा खोलने की तिथि और समय: 04.04.2025 को 15.30 बजे।** निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। मैन्युअल प्रस्तावों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

(SDAH-381/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**संख्याः ओएएच/2/1/जनरल दिनांकः 12.03.2025।** निम्नलिखित ई-निविदा वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा उन निविदाकारों से आमंत्रित की जाती है जिनके पास समान प्रकृति के कार्य का अनुभव है और सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत लोगों सहित अपेक्षित वित्तीय क्षमताएं हैं, जो **वरिष्ठ डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत** निम्नलिखित कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **क्रम सं.: (1); ई-निविदा संख्याः 358 2024-25; कार्य का विवरणः** धनियाखाली - एईएन/डीकेएई के खंड में कॉर्ड लाइन पर उथले गर्डर पुल संख्या 82 को हटाने के लिए धनियाखाली में आरयूबी का निर्माण और सिबाइचांदी - एईएन/डीकेएई के खंड में कॉर्ड लाइन पर उथले गर्डर पुल संख्या 89 को हटाने के लिए सिबाइचांदी में आरयूबी का निर्माण। **अनुमानित लागतः** रु. 16,27,25,605.05; **बयाना राशिः** रु. 9,63,600.00; **पूर्णता अवधिः** 12 (बारह) महीने; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 07.04.2025 को 14:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रित करने की सूचना में उल्लिखित निविदा बंद होने की तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा बंद होने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर दिया गया आवेदन निविदा बंद होने की तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-677/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**सं.ओएएच/2/1/जनरल.दिनांक:11.03.2025** डिवीजनल रेलवे मैनेजर, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता वाले निविदाकारों सहित सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच** के अंतर्गत। क्रम संख्या: (1); **ई निविदा संख्या: 374_2024-25; कार्य का विवरण:** हावड़ा डिवीजनों के एसबीजी लूप में स्टेशन एसडीएलई-एनएचटी के बीच बीआरआर संख्या 172 यूपी (1x9x30.50 मीटर) में कमियों को सुधारना। **लगभग लागत:** रु. 93,94,544.00; **बयाना राशि:** रु. 1,87,900.00; **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य; **पूर्णता अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 04 (चार) माह। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : 02.04.2025, 14.00 बजे।** यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारणवश अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान केवल उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी:-** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-674/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**सं.: ईएलएस-एएसएन-ब्रेक-आरआईजी-आर 1-24 दिनांक : 07.03.2025.** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / टीआरएस, पूर्वी रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमें अनुभवी और वित्तीय रूप से निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकारों से आमंत्रित किया जाता है: **निविदा सूचना संख्या : ईएलएस-एएसएन-ब्रेक-आरआईजी-आर1-24; कार्य का नाम तथा स्थान:** संशोधन पत्रक संख्या आरडीएसओ/2009/ईएल/एमएस/0381 रेव '0' के अनुसार उच्च गति संचालन के लिए डब्ल्यूएजी 9 लोको में परम्परागत ब्रेक रिगिंग व्यवस्था का प्रावधान; **निविदा मूल्य:** रु.1,91,85,498.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु.5,000.00 र; **समापन एवं उद्घाटन की तिथि एवं समय:** 24.03.205 को 15.00 बजे बंद एवं 24.03.205 को 15.00 बजे खोला गया; **कार्य की पूर्णता अवधि:** 18 माह; पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

(ASN-375/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा संख्या : 24–25–13–एचआरटी–एबीएस–एलएचबी–2 दिनांक: 10.03.2025**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में एलएचबी एयर ब्रेक सिस्टम पाइप लाइनों और फिटिंग्स का कनेक्शन, डिसकनेक्शन और संबंधित गतिविधियों के लिए निविदा, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 2,12,34,740.64 (रू. दो करोड़ बारह लाख चौतीस हजार सात सौ चालीस एवं चौसठ पैसे मात्र), **3. निविदा प्रपत्र की राशि :** शून्य। **4. अग्रधन की राशि :** रू. 2,56,200.00 (रू. दो लाख छप्पन हजार दो सौ मात्र)। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 31.03.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:15 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार–803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**
**पीआर/02283/एचआरटी/2/टी/24–25/48**



**बिहार सरकार**

**कार्यालय जिला पदाधिकारी एवं समाहर्त्ता औरंगाबाद**
**जिला सामान्य शाखा,**
**(प्रेस विज्ञप्ति)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–22.03.2025 को बिहार दिवस के अवसर पर अनुग्रह नारायण नगर भवन, औरंगाबाद में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु सभी विद्याओं (समूह गायन, समूह नृत्य, एकल गायन, एकल नृत्य, शास्त्रीय गायन, इत्यादि ) से संबंधित कलाकारों का ऑडिशन का आयोजन दिनांक–18.03.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में किया गया है। सभी सरकारी/गैर सरकारी विद्यालयों/महाविद्यालयों के इच्छुक छात्र/छात्राएँ दिनांक–18.03.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में अनुग्रह नारायण नगर भवन, औरंगाबाद में ऑडिशन में भाग ले सकते है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 21842 (District) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

# जीकेसी के होली मिलन समारोह में साकार हो उठी ब्रजभूमि की अलौकिक छवि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** होली की मस्ती, रंगों की छटा और सांस्कृतिक विरासत की मोहक गूंज– ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) के होली मिलन समारोह ने इन सभी रंगों को एक ही मंच पर बिखेर दिया। शहर के चित्रगुप्त सभागार- सह- लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस भव्य आयोजन में जब महिलाओं ने अपनी सधी हुई प्रस्तुतियों से रस, छंद और सौहार्द की बयार बहाई तो पूरा वातावरण मानो बृज की गलियों की तरह गुलाल और उमंग में सराबोर हो गया। जब कांफ्रेंस की महिला विंग ने बेहद कुशलता से रंगों के साथ परम्परा और संस्कृति के विविध आयामों से समृद्धि प्रदान की तो बुधवार की रात जेपी सभागार में आयोजित ये कार्यक्रम अपनी पूरी भव्यता में नजर आया। ''ऐसी होली खेली कन्हाई, रंग गए बृज के नर-नारी...'' जैसे पारंपरिक गीतों की स्वर लहरियों के बीच जब अबीर और गुलाल की हवाएं बहने लगीं तो लगा मानो बृजभूमि की अलौकिक छवि साकार हो उठी। 'गोरिया करी के सिंगार, अंगना में पिसे ली हरदिया ....' होली खेले रघुबीरा अवध में .... से ले कर रंग बरसे भीगे चुनर वाली ...जैसे होली गीतों ने भी माहौल को उसकी रंगत और मस्ती प्रदान की। महिला विंग की संजना किशोर, सलोनी अंबष्ट, डॉ. नीलम रानी, मांडवी वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, कामिनी वर्मा, निभा सिन्हा, स्मिता सिन्हा, अंजू सिन्हा, रश्मि सिन्हा, बबीता सिन्हा, वर्तिका सिन्हा, आरती माथुर, पल्लवी प्रिया, आशा सिन्हा, विमला सिन्हा, ममता सिन्हा, अर्पणा सहाय, डॉ. मुग्धा किशोर, डॉ. साक्षी अंबष्ट, संस्कृति किशोर, साक्षी सिन्हा, तेजस्वी सूर्या, अक्षिता सिन्हा, यशी किशोर समेत तमाम महिलाओं ने नृत्य, संगीत और पारंपरिक होली गीतों से मंच को जीवंत कर दिया। होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि उल्लास, मिलन और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का प्रतीक भी है। जब मंच से काव्यधारा बही, तब माहौल और भी रससिक्त हो उठा। पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ लोक गायन और नृत्य ने भी समां बांधा। रंग और राग का ऐसा अद्भुत संगम, जिसमें हर मन हर्षित था और हर चेहरा गुलाल से सजा हुआ था। कार्यक्रम की भव्यता में चार चांद लगाने पहुंचे ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर, नगर पंचायत नवीनगर के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा उर्फ मुन्ना जी, जिला महासचिव अजय कुमार वर्मा, श्रीराम अंबष्ट, अजय कुमार संतोष, महेंद्र प्रसाद सिन्हा, गणेश प्रसाद लाल बाबू , मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, प्रेम सिन्हा, गणेश प्रसाद सिन्हा, संजय सिन्हा, सुनील सिन्हा, राजू रंजन, राजेश कुमार, सूर्यकांत, मुकुल सिन्हा, अमित कुमार, उदय कृष्ण, मुकेश सिन्हा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अभिषेक, डॉ. शशांक सिन्हा , कौस्तुभ किशोर, श्रेयस बी. चंद्रा, शिवम सिन्हा, अभिषेक माथुर, अभिनव माथुर, मनोज श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, पंकज कुमार, यश सिन्हा और मीडिया प्रभारी दीपक बलजोरी सहित सैकड़ों लोग इस रंगोत्सव के साक्षी बने। यह आयोजन महज एक उत्सव भर नहीं था, बल्कि यह अपने भीतर संस्कृति और परंपरा का संवेदनशील स्पर्श समेटे हुए था। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति से इस होली मिलन को और गरिमामयी बना दिया। मंच पर जब परंपरागत होली गीतों की सुमधुर ध्वनि गूंजी, तब सभागार में बैठे हर शख्स के मन में होली के प्रति नई उमंग जाग उठी। गुलाल में रचे-बसे इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि होली केवल रंगों की नहीं, बल्कि अपनत्व, भाईचारे और संस्कृति की सजीव अभिव्यक्ति है। जब समापन की बेला आई, तो सभी के चेहरे गुलाल से सजे थे और मन में रंगों से भी ज्यादा गहरे प्रेम, सौहार्द और अपनत्व के भाव थे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कमल किशोर, नगर पंचायत नवीनगर के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा, अजय कुमार संतोष, महेंद्र प्रसाद, श्रीराम अम्बष्ट, संजय सिन्हा, अजय वर्मा ने किया।




# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह झुलस गया। इसके बाद इलाज के लिए अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना फेसर थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव की है, जहां उस गांव निवासी मिथिलेश सिंह के 24 वर्षीय युवक चंदन कुमार की मौत हो गई। इस घटना से एक तरह जहां लोग होली की तैयारी कर रहे थे, वहीं इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में मातमी माहौल है। मृतक के चाचा सरपंच संजय यादव ने बताया कि चंदन का नौ माह पूर्व खुदवा थाना क्षेत्र के रोहन बिगहा में सुषमा कुमारी से शादी हुई थी।



















































संपादकीय

# संयम और अनुशासन जरूरी

मप्र की राजधानी भोपाल में सोमवार को विपक्षी कांग्रेस के मोर्चा संगठन किसान कांग्रेस की सभा के दौरान मंच टूटने और जिसमें करीब 1 दर्जन कांग्रेस नेताओं के घायल होने की अप्रिय घटना को मीडिया में ज्यादा सुर्खियां मिली बनिस्बत विधानसभा में पार्टी द्वारा सदन का सत्र ज्यादा चलाने और जनता के मुद्दे को लेकर किए गए विरोध प्रदर्शन के। ऐसा कैसे हुआ, यह अभी बहुत साफ नहीं है, लेकिन प्रथम दृष्टया यही लगता है कि मंच पर क्षमता से कई गुना ज्यादा कार्यकर्ताओं के चढ़ जाने से मंच ढह गया। हालांकि इस घटना के लिए कुछ नेताओं ने भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन वह केवल राजनीतिक आरोप भर है। असल मामला पार्टी कार्यकर्ताओं का अनुशासित और संयमित न होने का है। इस सवाल का कोई तार्किक जवाब नहीं है कि आखिर इतनी बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता मंच पर चढ़े ही क्यों? क्यों वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नहीं रोका। अब तक जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी किसानों की समस्याएं उठाने की गरज से मंच पर हल और बैलगाड़ी की पूजा करने वाले थे, जो हमारे देश में किसान और किसानी का प्रतीक है। इसके जरिए कांग्रेस यह संदेश देना चाहती थी कि उसे राज्य के किसानों की बड़ी चिंता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही जीतू पटवारी मंच पर पहुंचे, उनके साथ पचासों समर्थक भी मंच पर जा चढ़े, जो कथित रूप से अपने नेता के साथ फोटो खिंचवाना चाहते थे। इतनी भीड़ मंच सह नहीं सका और वहीं धंस गया, जिसमें पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजीव सिंह तथा किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान सहित करीब एक दर्जन नेता घायल हो गए। कार्यक्रम स्थल पर अफरातफरी मच गई। हालांकि इस घटना के बाद प्रदर्शनकारी और उग्र हो गए। ऐसे में पुलिस को उन्हें वाटर केनन चलाकर नियंत्रित करना पड़ा। कुल मिलाकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन एक रेस्क्यू अभियान में बदल गया। वैसे कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को असंयमित होना कोई नई बात नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव के पहले भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित पार्टी के वचन पत्र के लोकार्पण के समय भी यही नजारा था। मंच पर अतिथियों के अलावा आधा सैंकड़ा कार्यकर्ता सिर्फ इसलिए चढ़े हुए थे, क्योंकि वो अपने नेता के साथ मंच पर फोटो खिंचवाना चाहते थे। गनीमत रही कि कोई हादसा न हुआ। तीन दशक पहले भोपाल के लिली टॉकीज पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के दौरान ऐसा ही मंच टूट गया था, जिसमें मंच पर भाषण दे रहे वरिष्ठ अर्जुनसिंह भी गिर पड़े थे। तब भी कहानी वही थी कि मंच की क्षमता से ज्यादा कार्यकर्ता जा चढ़े थे। उधर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गोविंदसिंह ने आरोप लगाया कि मंच टूटना भाजपा का षड्यंत्र है। वो चाहती ही नहीं थी कि कांग्रेस का प्रदर्शन हो। बड़ी मुश्किल से मंच लगाने की परमिशन दी, लेकिन मंच के लिए मजबूत पाए लगाने नहीं दिए। और हमारे यहां ये परंपरा है कि मंच पर पदाधिकारी भी मौजूद रहते हैं। लेकिन गोविंद सिंह यह नहीं बता पाए कि पदाधिकारियों के अलावा भी इतनी बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मंच पर क्यों चढ़ गए थे? दूसरा, ये कार्यकर्ता जिन नेताओं के साथ तस्वीरे खिंचवाना चाहते थे, वो कोई दुर्लभ नेता नहीं है। नेता के साथ फोटो खिंचवाने के लिए मंच पर चढ़ना जरूरी नहीं है। यह बात नेताओं को भी अपने कार्यकर्ताओं को समझानी चाहिए। यह व्यवस्था बनाए रखने और कार्यक्रम की पवित्रता कायम रखने का प्रश्न है न कि राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का। हालांकि कांग्रेस इस हादसे से कोई सबक लेगी, ऐसा नहीं लगता। क्योंकि वहां अनुशासन और संयम जैसी कोई चीज नहीं है।

# यूक्रेन, यूरोप, ट्रंप और विश्व राजनीति की दिशा

**यूक्रेन मोर्चे पर अंतिम समाचार यह है कि ब्रिटेन फ्रांस और यूक्रेन ने मिलकर एक युद्धविराम योजना बनाई है जिसे अमेरिका के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टोर्मर की बात मानें तो इस पर लगभग सहमति बन गई है। युद्ध समाप्त करने पर चर्चा के लिए यूरोपीय नेताओं के साथ 2 मार्च को शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज और रोमानिया के नेता के अलावा तुर्किये के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने भाग लिया।**



**अवधेश कुमार**

विश्व की दृष्टि से यह यूरोप का संपूर्ण सशक्त शिखर सम्मेलन था। विश्व ने देखा कि किस तरह यूरोपीय नेताओं ने वोलिदिमीर जेलेंस्की की आवभगत की तथा उन्हें महत्व दिया। ओवल ऑफिस यानी अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय से निकलने के बाद जेलेंस्की सीधे ब्रिटेन आए और प्रधानमंत्री स्टोर्मर ने उन्हें गले लगाया और कहा कि उन्हें उनके देश का अटूट समर्थन प्राप्त है तो इसके पीछे तत्काल ट्रंप एवं दुनिया को एक संदेश देने की रणनीति है। वास्तव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस ढंग से यूक्रेन पर अपने तेवर दिखाए और पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रो के साथ उनकी बहस हुई तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से बाहर किया गया वह दुनिया में सबसे बड़ी हलचल मचाने वाली घटना बन गई। अमेरिकी इतिहास की यह पहली घटना थी जब व्हाइट हाउस में दो नेताओं के बीच इस तरह बहस हुई, दोनों उंगली उठाते दिखे तथा किसी विदेशी मेहमान को वहां से बाहर निकालना पड़ा। प्रश्न है की अभी आगे होगा क्या? ऐसा दिख रहा है कि यूरोप के ज्यादातर नेता इस समय जेलेंस्की के साथ है।। हालांकि वर्तमान यूरोपीय नेता अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उथल-पुथल के परिणाम से आशंकित हैं और वे संतुलित आचरण की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सधे हुए वक्तव्य में कहा कि अब हम इस बात पर सहमत हो गए हैं कि ब्रिटेन, फ्रांस और संभवतः एक या दो अन्य देशों के साथ मिलकर यूक्रेन के साथ लड़ाई रोकने की योजना पर काम किया जाएगा और फिर उस पर अमेरिका के साथ चर्चा करेंगे। स्टार्मर ने कहा कि उन्हें व्लादिमीर पुतिन पर विश्वास नहीं है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप पर विश्वास है और वह जब कहते हैं कि उन्हें शांति चाहिए तो हम मांग कर चलते हैं कि वह यही चाहते हैं। इसमें दो मत नहीं कि कोई समझौता स्थाई शांति की गारंटी होनी चाहिए। इसलिए स्टार्मर अगर कह रहे हैं कि हम अस्थाई युद्ध विराम का जोखिम नहीं ले सकते तो सामान्य तौर पर इसे असहमत होना कठिन है। उनका यह कहना कि युद्ध समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं आकर्षित तो करता है किंतु स्वयं इस समय की अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में देश की भूमिका ही इसके मार्ग की बड़ी बाधा है। एक बड़े समूह को डोनाल्ड ट्रंप का व्यवहार अटपटा और एकपक्षीय लग सकता है। धीरे-धीरे विश्व में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ी है जो मानते हैं कि उनका व्यवहार गलत नहीं है। एक समय यूक्रेन के प्रति विश्व की सहानुभूति थी और यह सच है कि अमेरिका और यूरोप की मदद के कारण पुतिन की युद्ध योजना पर तुषारापात हुआ। यूक्रेन जैसे छोटे देश को घुटनों पर लाना उनके लिए कठिन हो गया। किंतु पूरे काला सागर सहित क्रीमिया के क्षेत्र को देखें तो वहां लंबे समय से यूरोप की भूमिका के कारण ही स्थिति इतनी जटिल है कि उनका स्थाई निपटारा संभव नहीं। सोवियत संघ जिन राज्यों को मिलकर बना उनमें ज्यादातर आज स्वतंत्र हैं , पर उनकी भौगोलिक सीमाएं खासकर समुद्र में और आसपास इतनी स्पष्ट नहीं है।

न भूलिए कि प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय युद्ध विश्व युद्ध के पीछे उसे क्षेत्र की भौगोलिक जटिलताएं और राजनीतिक व्यवहार की बड़ी भूमिका थी। द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के बावजूद अमेरिका के समक्ष सोवियत संघ के दूसरी महाशक्ति के रूप में खड़ा होने के कारण थोड़ा संतुलन रहा तथा यूरोप के प्रमुख देशों ने आपस में भौगोलिक जटिलताएं खत्म कीं, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर लगाम लगाई। बावजूद न संपूर्ण यूरोप के लिए और न विश्व के लिए अस्थाई सुरक्षा और शांति सुनिश्चित हुई। सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो और उसकी सेना कायम रही। अगर अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने की ओर कदम आगे नहीं बढ़ते तथा उसे शास्त्रास्त्र नहीं देते तो पुतिन के लिए इस तरह आक्रमण करने का आधार नहीं बनता। इन देशों ने पोलैंड के साथ भी यही किया। शेष विषयों को छोड़ दें तो यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की यह घोषणा कर देते कि वह नाटो का सदस्य नहीं बनेंगे तो भी शायद स्थिति इतनी बिगड़ती नहीं। सच यह है कि यूक्रेन रूस युद्ध विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि तैयार कर चुका है। नहीं रुका तो दुनिया कई प्रकार के संघर्षों में उलझ जाएगी। कई बार आपको शांति के लिए दबाव और अन्य बाध्यकारी दबावकारी कड़े भी कदम उठाने पड़ते हैं। ऐसा लग रहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए ढी ट्रंप ने इस स्तर कड़ा रुख अपनाया है। अगर ट्रंप तेवर करार नहीं किया होता तथा अपने चरित्र के अनुसार छोड़ना से खरी-खरी नहीं बोलते नहीं होते तो न यूरोपीय देश बैठते और न नए सिरे से विचार होता। जेलेंस्की को भी अमेरिका के महत्व का पता है और उन्होंने कहा है कि वह खनिज पर समझौते के लिए फिर से व्हाइट हाउस जाने को तैयार हैं। लेकिन उन्हें सुरक्षा की गारंटी चाहिए। जेलेंस्की विश्व इतिहास को ठीक से देखें। कोई देश किसी की सुरक्षा की स्थाई गारंटी नहीं दे सकता। इस समय उन्हें गारंटी दी जा सकती है। बस, वे स्वयं को भी बड़ी सैन्य शक्ति बनने या ऐसी अन्य महत्वाकांक्षाओं से अलग रखें। यूरोपीय देशों को भी समझना होगा कि पहले की तरह यूक्रेन की सैन्य और कूटनीतिक मदद जारी रखकर वे कुछ समय तक आर्थिक लाभ पा सकते हैं, रुस और उसे भी दबाव में रह सकता है लेकिन यह विश्व को बड़े संकट में फंसाने वाला भी साबित होगा। ट्रंप के रुख और रणनीति से ऐसा लगता नहीं कि वे आसानी से शांत होंगे। वैसे वर्तमान विश्व में अमेरिका का राष्ट्रपति युद्ध रोकने की बात करते हुए इसी तरह का कड़ा तेवर बनाए रखेगा तभी इसका कोई समाधान निकलेगा। इस दृष्टि से देखें तो ट्रंप का रवैया कम से कम तत्काल विश्व युद्ध रोकने वाला भी दिखेगा।

वर्तमान विश्व में कोई एक देश आदर्शवादी या राष्ट्रीय स्वार्थ से परे होकर व्यवहार करने की स्थिति में है ही नहीं। तो हम अमेरिका से ही इसकी अपेक्षा क्यों रखें? ऐसा नहीं है कि यूरोप को यह बात समझ में नहीं आ रही हों। स्वयं जेलेंस्की नए सिरे से अपनी नीति पर पुनर्विचार नहीं कर रहे हो यह भी नहीं माना जा सकता। कस्टमर का यह वक्तव्य कि हमारे पास यूक्रेन में न्यायपूर्ण और स्थाई शांति सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आने का अवसर है जो उनकी संप्रभुता और सुरक्षा सुनिश्चित करगा ट्रंप के रवैया के कारण ही आया है। स्थिति ऐसी है जिसमें कोई अचानक स्वयं को दोषी मानकर पीछे हटने के लिए तैयार नहीं होग। यूरोपीय देशों में तत्काल सबसे ज्यादा सक्रिय ब्रिटेन और फ्रांस को भी अपनी शक्ति की सीमाओं का आभास होगा। अमेरिका के साथ यूरोप की सुरक्षा व्यवस्था इतनी आबद्ध है कि वह इससे बिल्कुल अलग हटकर एकाएक नई सशक्त सुरक्षा प्रणाली उत्पन्न नहीं कर सकते। ब्रिटेन का तो नाभिकीय ढांचों तक अमेरिका के साथ अविच्छिन्न जुड़ाव है। उनको पूरी तरह अलग कर अमेरिका के विरुद्ध जाना इस समय असंभव लगता है।

इसलिए उनके अंदर भी नए सिरे से मंथन चल रहा है। यद्यपि मैक्रो ने ट्रंप की बातों को अपनी दृष्टि से काटा तथा कहा कि वे यूक्रेन को शस्त्र देकर कीमत नहीं ले रहे हैं जैसा वह कह रहे हैं किंतु वह भी एकपक्षीय बात ही थी। ट्रंप के नीति का एक पहलू शायद यही है कि एक बार सभी के समक्ष इतना कर आक्रामक व्यवहार करो तथा ऐसे तेवर दिखाओ जिसकी उन्हें कल्पना नहीं हो ताकि सभी दबाव में आकर युद्ध रोकने के लिए तैयार हो। ट्रंप अड़े रहते हैं तो भविष्य में एक सहमतिकारक समझौता संभव है। कम से कम तत्काल विश्व के हित में होगा और आगे इस पर शांति की कोशिश हो सकती है।

## अध्यात्म

### सन्त की दूरदर्शिता

एक सन्त के पास 30 सेवक रहते थे। एक सेवक ने गुरुजी के आगे प्रार्थना की – महाराज जी! मेरी बहन की शादी है तो आज एक महीना रह गया है तो मैं दस दिन के लिए वहाँ जाऊँगा। कृपा करें ! आप भी साथ चले तो अच्छी बात है। गुरु जी ने कहा – बेटा देखो टाइम बताएगा। नहीं तो तेरे को तो हम जानें ही देंगे। उस सेवक ने बीच-बीच में इशारा गुरु जी की तरफ किया कि गुरुजी कुछ ना कुछ मेरी मदद कर दें। आखिर वह दिन नजदीक आगया सेवक ने कहा, गुरुजी कल सुबह जाऊँगा मैं। गुरु जी ने कहा – ठीक है बेटा! सुबह हो गई जब सेवक जाने लगा तो गुरु जी ने उसे 5 किलो अनार दिए और कहा – ले जा बेटा भगवान तेरी बहन की शादी खूब धूमधाम से करें दुनिया याद करें कि ऐसी शादी तो हमने कभी देखी ही नहीं और साथ में दो सेवक भेज दिये जाओ तुम शादी पूरी करके आ जाना। जब सेवक घर से निकले 100 किलोमीटर गए तो जिसकी बहन की शादी थी वह सेवक दूसरों से बोला – गुरु जी को पता ही था कि मेरी बहन की शादी है, और हमारे पास कुछ भी नहीं है, फिर भी गुरु जी ने मेरी मदद नहीं की। दो-तीन दिन के बाद वह अपने घर पहुँच गया। उसका घर राजस्थान रेतीली इलाके में था वहाँ कोई फसल नहीं होती थी। वहाँ के राजा की लड़की बीमार हो गई तो वैद्यजी ने बताया कि, इस लड़की को अनार के साथ यह दवाई दी जाएगी तो यह लड़की ठीक हो जाएगी। राजा ने मुनादी करवा रखी थी कि, अगर किसी के पास आनार है तो राजा उसे बहुत ही इनाम देंगे। इधर मुनादी वाले ने आवाज लगाई, अगर किसी के पास अनार है तो जल्दी आ जाओ, राजा को अनारों की सख्त जरूरत है। जब यह आवाज उन सेवकों के कानों में पड़ी तो वह सेवक उस मुनादी वाले के पास गए और कहा कि हमारे पास अनार है, चलो राजा जी के पास। राजाजी को अनार दिए गए अनार का जूस निकाला गया और लड़की को दवाई दी गई तो लड़की ठीक-ठाक हो गई। राजा जी ने पूछा – तुम कहाँ से आए हो, तो उसने सारी हकीकत बता दी। राजा ने कहा – ठीक है तुम्हारी बहन की शादी मैं करूँगा। राजा जी ने हुकुम दिया कि – ऐसी शादी होनी चाहिए जिसे देखकर लोग यह कहे कि यह राजा की लड़की की शादी है। सब बारातियों को सोने चांदी गहने के उपहार दिए गए बारात की सेवा बहुत अच्छी हुई लड़की को बहुत सारा धन दिया गया। लड़की के मां-बाप को बहुत ही जमीन जायदाद व आलीशान मकान और बहुत सारे रुपए पैसे दिए गए। लड़की भी राजी खुशी विदा होकर चली गई। सेवक सोचने लगे कि, गुरु की महिमा गुरु ही जाने। हम ना जाने क्या-क्या सोच रहे थे गुरु जी के बारे में। गुरु जी के वचन थे जा बेटा तेरी बहन की शादी ऐसी होगी कि दुनिया देखेगी। सन्त वचन हमेशा सच होते हैं। सन्तों के वचन के अन्दर ताकत होती है लेकिन हम नहीं समझते। जो भी वह वचन निकालते हैं वह सिद्ध हो जाता है। हमें सन्तों के वचनों के ऊपर अमल करना चाहिए और विश्वास करना चाहिए ना जाने सन्त मौज में आकर क्या दे दें और रंक से राजा बना दे।

# कांग्रेस को छोड़कर कहाँ चली गयी कांग्रेस?

**अभी हाल ही में श्री राहुल गांधी का सार्वजनिक एकालाप सुनकर लगा कि अब कांग्रेस ही कांग्रेस की नहीं रही। बहुत-सी कांग्रेस ही कांग्रेस को छोड़कर कहीं चली गयी है। कांग्रेस में कांग्रेस ही नहीं बच रही। खुद से हारी हुई कांग्रेस देश को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक न्याय कैसे दिलायेगी? वह अपनी राजनीतिक चदरिया में गठबंधन के थिगड़े लगाकर भले अपना काम चलाने की सोचे पर देश चलाने के लिये तो उसे खुद चलना पड़ेगा। वोटों के खुदरा व्यापार में फँसे लोकतंत्र को बचाने का उपाय करना पड़ेगा।**

**ध्रुव शुक्ल**

कॉंग्रेस आम चुनाव में अक्सर पीछे रह जाती है। अब तो वह पीछे रह जाने के डर से उपचुनाव में भी हिस्सा लेने से कतराने लगी है। पीछे रह जाने के बाद वह अपनी समीक्षा कम करती है, दूसरों पर दोष ज़्यादा लगाती है। उसके नेता कहते ज़रूर हैं कि हम ज़मीनी स्तर पर अपने दल की की समीक्षा करेंगे। पर वे अपनी कथनी को करनी में नहीं बदल पाते। कॉंग्रेस को देखकर कहने का मन होता है कि वह ख्वाब है किसी और का, उसे देखता कोई और है। अब यह तो देखने वाले की मनोदशा पर निर्भर है कि वह क्या देखता है?... इतने बड़े देश में कुछ नेताओं का सुरक्षित चुनाव क्षेत्रों से चुनाव जीत लेना काफ़ी नहीं है।

देश की स्वतंत्रता के लिए गांधी जी के बताये रास्ते पर चलने वाली कांग्रेस के कामों का जायजा लेते हुए जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक हिन्दुस्तान की समस्याओं पर गंभीर विचार करके कुछ बहुत ज़रूरी बातें की थीं जो आज भी कांग्रेस के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं... 1929 में भारतीय कांग्रेस कमेटी ने यह प्रस्वाव पारित किया कि... भारतीय जनता की भयंकर गरीबी और दरिद्रता का कारण सिर्फ़ विदेशियों द्वारा उसका शोषण नहीं, बल्कि हमारे समाज का आर्थिक संगठन भी है जिसे विदेशी हुकूमत कायम रखे हुए है ताकि यह शोषण जारी रहे। भारतीय जनता की गरीबी और दरिद्रता को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि समाज के आर्थिक और सामाजिक संगठन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाकर यह घोर विषमता हटाई जाये। केवल राजनीतिक परिवर्तन काफी नहीं है।

नेहरू कांग्रेस को याद दिलाते हैं कि.. अंग्रेजों के जाने के बाद केवल पूंजीपतियों के हाथों में मुल्क का शासन-सूत्र नहीं जाना चाहिए, जैसा कि अभी एक ब्रिटिश कंपनी के हाथों में है। स्पष्टत: यह कांग्रेस की नीति नहीं हो सकती। क्योंकि हमने ही यह ऐलान किया है कि हम जनता के शोषण के ख़िलाफ़ हैं। जनता को और उसके जरिए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना अपने इस उद्देश्य के लिए जरूरी है। सिर्फ़ जनता ही उस लड़ाई को सच्ची ताक़त दे सकती है। सिर्फ़ उसी के सहारे राजनीतिक लड़ाई भी लड़ी जा सकती है। पण्डित नेहरू आगाह करते हैं कि कोई बात ज़्यादा दिन तक याद नहीं रहा करती। बहुत-से लोग भारत और कांग्रेस का यह आधुनिक इतिहास भूल जाते हैं।



जवाहरलाल नेहरू ने देश में जो सार्वजनिक क्षेत्रों का निर्माण करके आय के साधनों को बढ़ाया था। वे आज संकट में हैं। कई साल बीत गये, इस संकट पर कांग्रेस में कोई गंभीर विचार-विमर्श देखने-सुनने में नहीं आया। देश के रईसों को कोसते रहने से तो कोई काम नहीं चलेगा। निजीकरण के द्वार तो कांग्रेस ने ही देश में खोले हैं जिनके परिणाम सुखद नहीं है। लूट का ही बोलबाला है। बाज़ार पूरे भारतीय समाज को अपनी जद में घेरता चला आ रहा है। वह अब दबे-छिपे ही नहीं, खुलेआम राजनीति को नियंत्रित कर रहा है। अपने स्वार्थ के लिए शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में मनमानी कर रहा है। कांग्रेस के नेता इन विषयों पर गहन वैचारिक विमर्श करते नज़र नहीं आते।

एक निर्दलीय नागरिक के नाते कांग्रेस की हालत देखते हुए आज यह कहने का मन है कि कांग्रेस खुद अपना इतिहास भूलती चली गयी है। वह गांधी जी के स्वराज्य के विचार को ही नहीं, उस हिन्दुस्तान की कहानी को भी भूल गयी है जिसे जेल काटते हुए जवाहरलाल नेहरू ने ही रचा था। कांग्रेस विश्व इतिहास की उस झलक से भी दूर खड़ी दीखती है जिसका रूप पण्डित नेहरू ने अपनी बेटी को जेल से लिखी चिट्ठियों में दिखाया था। लगता है कि कांग्रेस अब अपना ही इतिहास नहीं पढ़ती जो कई खण्डों में प्रकाशित है। शायद उसके कार्यकर्ता भी इस इतिहास से अनजान हैं।

आज मंदिर-मस्ज़िद और जात-पांत की संकरी गलियों की ख़ाक छानती स्मृतिहीन कांग्रेस प्रतिदिन अपनी वैचारिक ताक़त खो रही है। जो लोग कांग्रेस में रहकर और कांग्रेस से ही अपना दामन बचाकर नयी सत्ता खोज रहे हैं, दरअसल वे कभी कांग्रेस में नहीं थे। वे सिर्फ़ उस सत्ता में भागीदार रहकर अपना स्वार्थ साध रहे थे जो दीर्घकाल तक कांग्रेस के हाथों में थी। आज कांग्रेस से दूर छिटकने वाले लोग जिस दलबदल का मजा लूट रहे हैं उस दलबदल संस्कार विधि की रचना वर्षों पहले कांग्रेस ने ही की थी।

यह टिप्पणी लिखने का कारण सिर्फ़ यही है कि कांग्रेस को लोकतंत्र में एक विचारपूर्ण राजनीतिक विकल्प के रूप में रहना चाहिए। पर उसके जिन नेताओं को जनता ने चुनकर संसद में प्रतिपक्ष की भूमिका सौंपी है, वे नेता तो संसद में प्रश्नकाल के बीच शोर मचा रहे हैं। वे लोकसभा की नियममावलि के अनुरूप जनहित के प्रश्नों को क्यों नहीं उठा पा रहे? संसद राजनीतिक दलों की ज़िद पूरी करने के लिए नहीं, हम भारत के लोगों की तरफ़ से प्रश्न उठाने और उनका समाधान खोजने के लिए गठित की जाती है।

संसद में जो जनप्रतिनिधि सत्तारूढ़ हैं और जो प्रतिपक्ष में हैं उन्हें जनता के प्रति अपनी विश्वसनीयता ही प्रमाणित करना चाहिए जिसमें दिनों-दिन कमी आती जा रही है। गठबंधन की राजनीति का सबसे बड़ा ख़तरा यह है कि वह लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की वैचारिक पहचान मिटा रही है। केवल चुनाव जीतकर सत्ता पाना ही उसका लक्ष्य रह गया है। यह दशा देखकर मन भारी हो जाता है और लगता कि जैसे हमारे देश के राजनीतिक दल उस जनता को हराकर चुनाव जीत रहे हैं जिसने संविधान अपने लिए आत्मार्पित किया है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

**वृषभ**
महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसीलिये लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन**
आज आप बेहद आनन्दित रहने वाले हैं। मित्रों से लम्बी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कर्क**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये समय अवश्य निकालें। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा।

**सिंह**
परिवार की जरूरतों पर धन खर्च करना पड़ेगा। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं।

**कन्या**
व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। सन्तान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नये घर या जमीन में निवेश कर सकते हैं।

**तुला**
शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है। अनावश्यक खर्चे नियन्त्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये।

**वृश्चिक**
पुराने मित्रों से मुलाकात होगी लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे। भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें। मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी।

**धनु**
इस समय सारी परिस्थितियाँ आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके साथ एक अच्छे मित्र की भूमिका निभायेगा। अपना मन हर स्थिति में शान्त रखें। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मकर**
स्वास्थ्य काफी अच्छा और सन्तुलित रहेगा। आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**कुंभ**
गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम सम्बन्धी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मीन**
इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है।

# रोजगार मेला में 894 अभ्यर्थियों में से 468 का किया गया चयन

## रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका द्वारा प्रखंड कार्यालय भगवानपुर के मैदान में रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी, तेघड़ा राकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार, प्रबंधक रोजगार सुधीर कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक रवि कुमार, मनीषा संकुल संघ की अध्यक्ष गायत्री कुमारी, शिवशक्ति संकुल संघ की अध्यक्ष नीलम कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेला में 15 कंपनियों के



प्रतिनिधि उपस्थित थे। मेला में खबर लिखे जाने तक कुल 894 अभ्यर्थियों ने अपना निबंधन करवाया। सीधी भर्ती में कुल 468 को चयनित किया गया, वहीं डीडीयूजीकेवाई में 26, आरसेटी में 154 युवाओं को तथा अन्य संस्थाओं में प्रशिक्षण हेतु भी अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अतिथियों द्वारा युवाओं के बीच नियोजित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का भी वितरण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि जीविका युवाओं को हुनरमंद बनाने एवं रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर सक्रिय है। जीविका महिला सशक्तीकरण की एक शानदार मिशाल है। जीविका के कारण बिहार बदलाव की वाहक बन चुका है। रोजगार प्रबंधक सुधीर कुमार ने कहा कि जीविका ने बदलाव की दिशा में बेहतरीन कार्य किया है। रोजगार की बात हो या स्वरोजगार की सभी कार्य में जीविका अव्वल है। उन्होंने रोजगार शिविर, रोजगार मेला, प्रशिक्षण, कौशल विकास, डीडीयूजीकेवाई, यूको आरसेटी आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच का संचालन प्रशिक्षण प्रबंधक ज्योति एवं सामुदायिक समन्वयक चांदनी ने सयुंक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन आईबीसीबी प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार ने किया। आयोजन में प्रबंधक एचएन रजनीश कुमार, प्रबंधक संचार राजीव रंजन, वाईपी मनीष कुमार क्षेत्रीय समन्वयक प्रशांत, गणेश शर्मा, सामुदायिक समन्वयक पूजा, पूनम, रश्मि, रेशमी, गौरव, सुजाता, नवीन, संजीव, कार्यालय सहायक मनोज रजक सहित जीविकाकर्मी, जीविका कैडर, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## उपद्रवियों पर होगी कार्रवाई

**तेघरा (नबिटा संवाददाता)।** उपद्रवियों पर रहेगी पैनी नजर, किसी भी सूरत में उपद्रवियों को नहीं बख्सा जायगा। उक्त बाते तेघरा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमलेश कुमार ने कही। गुरुवार को होली एवं रमजान में शांतिपूर्ण माहौल को लेकर तेघरा डीएसपी के नेतृत्व में में फ्लैग मार्च निकाला गया। गुरुवार की तेघरा थाना परिसर से उक्त फ्लैग मार्च निकलकर तेघरा बाजार के सभी मार्गो से गुजरा। फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अमलेश कुमार अपने सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ शामिल थे। फ्लैग मार्च तेघरा बाजार सहित उत्तर तेघरा के सभी पंचायतों में किया गया। ज्ञात हो की इस वर्ष होली एवं रमजान का जुम्मा एक ही दिन होने के कारण किसी तरह का कोई आपसी सौहार्द नहीं बिगड़े। इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। फ्लैग मार्च होने से उपद्रवियों में भय का वातावरण कायम हुआ है। इस अवसर पर तेघरा थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर अमलेश कुमार, सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार, एसआई ऋषिकांत, नागेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## पेड़ पर झूलता मिला अधेड़ का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विद्यापतिनगर।** थाना क्षेत्र के हरपुर बोचहा पंचायत अंतर्गत सुनसान इलाका चतरा रेलवे गुमटी के समीप गुरुवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव आम के पेड़ के फंदे से झूलता मिलने की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर थानाध्यक्ष फिरोज आलम के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना स्थल पर जुटे प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव को देखने के बाद ऐसी आशंका जताई जा रही है कि उक्त अज्ञात अधेड़ की हत्या कर यहां शव को लटका दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र 50-55 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पहुंचे डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों सहित पुलिस द्वारा शव के शिनाख्त का प्रयास चल रहा है। प्रथम दृष्टतया अन्यत्र हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का मामला प्रतीत होता है।

## सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन करने वाले किये जायेंगे दंडित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** कारगिल विजय भवन में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गठित त्रिस्तरीय छापेमार दस्ता एवं अन्य सरकारी पदाधिकारीयों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजीत किया गया। बैठक राज्य सरकार की तकनीकी सहयोगी संस्था सोशियो इकोनमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के सहयोग से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पदाधिकारी ने तम्बाकू नियंत्रण हेतु जिले में त्रिस्तरीय छापेमार दस्ता के अध्यक्ष को निर्देश देते हुए सभी सदस्यों को शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के अंदर अवस्थित सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को हटवाते हुए नियमित रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू सेवन करने वालों को दण्डित किया जायगा। जिला पदाधिकारी ने सभी सार्वजनिक स्थानों पर कार्यालय में तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया.। उन्होंने बताया कि तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाए जाने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि सभी सार्वजनिक स्थानों यथा सरकारी शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों, सिनेमा हल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सहित अन्य स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध है। कार्यक्रम में पुलिस उप अधीक्षक, सभी वरीय उप समहार्ता, डीएसपी (मख्यालय), सिविल सर्जन, एसीएमओ, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला नोडल पदाधिकारी डा संजय कुमार सिंह,सभी बीडीओ, सीड्स के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक श्री सुदर्शन सिंह,कार्यक्रम पदाधिकारी सुनील चौधरी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

## राजद की सरकार बनी तो माई-बहन को प्रत्येक माह मिलेंगे 2500 रुपये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** नया टोला स्थित राजद कार्यालय में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष के साथ स्थानीय विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आफताब खान उर्फ भोला खान ने की। बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा हुई। समीक्षात्मक बैठक में 70% अध्यक्षों द्वारा सदस्यता रसीद जमा किया गया। विधायक द्वारा 30 परसेंट सभी रसीद अध्यक्षों को जल्द से जल्द होली बाद जमा करने का अनुरोध किया। इस दौरान बैठक में तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा किए गए घोषणाओं में शामिल माई-बहिन मान योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री 500 में गैस सिलेंडर और 400 पेंशन के बदले 15 सौ



के आलावे बिहार में महागठबंधन सरकार बनने पर एक महीने के अंदर कैबिनेट में निर्णय लेकर युवा आयोग का गठन, राज्य में डोमिसाइल नीति लागू करने और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए फॉर्म भरने का पैसा अभ्यर्थियों को नहीं लगने और आने-जाने का किराया नही देने सहित नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा 17 माह में किए गए कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने का विधायक द्वारा पंचायत अध्यक्षों को टास्क दिया गया। विधायक द्वारा बताया गया कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी लोग 2025 में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनने के लिए की जान से जुट जाइए क्योंकि अब समय काम बचा हुआ है। विधायक ने बताया कि सभी रसीदों को राज्य कार्यालय में जमा किया जाएगा। विधायक ने बताया कि 2025 में बिहार की जनता तेजस्वी प्रसाद यादव को सीएम बनाएंगी। आए दिन बिहार में अपहरण लूट और डकैती का बड़े-बड़े घटना हो रहा है। प्रशासन का पूरी तरह से एकबाल खत्म हो गया है। बिहार की जनता सरकार से ऊब चुकी है और 2025 में उखाड़ फेंकने की काम करेगी। वही विधायक ने जानकारी देते हुए कहा कि 150 करोड़ रुपये की सड़कों की स्वीकृति हुई है और 33/11 केवी पावर का सब स्टेशन बनेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित है आगे भी क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। इस दौरान विधायक ने होली के अवसर पर सभी अध्यक्षों को अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विधानसभा वासियों के साथ-साथ सभी कार्यकर्ताओं की भी होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अजय यादव, अनिल याद, व दिवाकर यादव, सरफराज खान, रवि रंजन यादव सहित सभी अध्यक्ष मौजूद थे।

## मतदाता सूची सुधार को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड कार्यालय परिसर अवस्थित कक्ष में चेरियाबरियारपुर विधानसभा तथा बखरी विधानसभा के सभी मतदान स्तर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ सूरज कुमार ने की। 1 जनवरी को जिन व्यक्तियों की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है। वैसे व्यक्तियों के नाम हरहाल में मतदाता सूची में दर्ज करने का निर्देश दिया। जीवित मतदाताओं के नाम किसी तकनीकी कारणों से मतदाता सूची से डिलीट हो गया है। वैसे मतदाताओं से प्रपत्र 6 लेकर नाम जोड़ने का निर्देश दिया। डुप्लीकेट ईपिक नंबर को मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया। आसन्न संपन्न लोकसभा मतदान में मतदान केंद्र संख्या 102 तथा 124 पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ है। वैसे मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए बीएलओ को अपने स्तर से जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। मतदान केंद्रों पर रैम्प, पेयजल, शौचालय, बिजली, दरवाजा, खिड़की आदि की उपलब्धता का भौतिक सत्यापन करने, यदि किसी प्रकार की कमी है तो उसका रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया ताकि ससमय उन कमियों को दूर किया जा सके। 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों की सूची तैयार करने, नये मतदान केंद्र बनाये जाने आदि पर भी चर्चा की गई। मौके पर विभाकर कुमार, रबिन्द्र कुमार, धर्मशील कुमार, एहतेशामुल हक, कन्हैया कुमार, राधा रमन कुमार, मनीष कुमार, राम बिलास मोची, इन्द्र देव मोची, रमन झा, सुनील कुमार, बीरबल कुमार, रंजीत झा आदि ने हिस्सा लिया।

## परस्पर प्रेम और समझदारी के साथ मनाएं होली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन की चेयरमैन मोनी रानी ने होली के उल्लासपूर्ण अवसर पर सभी कर्मचारियों, छात्रों सहित समस्त बिहार वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा, होली रंगों का त्योहार है, जो हमें आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। यह वह समय है जब हम अपने मतभेदों को भूलकर एकजुट हो कर खुशियां मनाते हैं। श्रीमति रानी ने सभी को त्योहार के दौरान सावधानी बरतने की भी अपील की और कहा, हमें इस मौके पर समाजिक जिम्मेदारी का ध्यान रखते हुए और पर्यावरण की सुरक्षा और एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए होली मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि होली के इस अवसर पर हम सभी अपने दिलों में प्रेम और लक्ष्य के प्रति संकल्प का रंग भरें तथा समर्पण, ईमानदारी, और शिक्षा के प्रति अपने प्रयासों को और मजबूत करें। लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में शिक्षा का स्तर निरंतर उंचा किया जा रहा है और इसके द्वारा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है। मोनी रानी ने बिहार राज्य के नागरिकों से भी अपील की कि वे इस होली को स्नेह और समझदारी के साथ मनाएं।

## होली गीत पर लोग झूमे

**समस्तीपुर (नबिटा संवाददाता)।** बाबा हरिहर नाथ सोनपुर में रंग खेले, होली आज अवध में खेले सिया रघुवीर आदि सहित विविध मधुर श्रृंगारिक गीतों से धोबगामा गांव झूम उठा। अवसर था जिले के पूसा प्रखण्ड स्थित धोबगामा में जगमोहन विद्यापति कॉलेज ऑफ आर्ट एण्ड टेक्नोलॉजी के संरक्षक वरिय अधिवक्ता अरूण कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित होली मिलन समारोह का। आकाशवाणी, दूरदर्शन के ख्यातिलब्ध कलाकार श्याम मोहन मिश्र, सहित विभिन्न गायकों ने विविध होली गीतों से गौरव कुमार मन्नू, प्रभात कुंमार तुलसी, राम गणेश ठाकुर, गणेश ठाकुर, संजीव कुमार, संजय ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बैठक में डीएम ने की नीलाम पत्र वादों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता मे नीलाम पत्र वादों से संबंधित समीक्षा बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिसमे सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी के साथ लंबित नीलाम पत्र वाद के निष्पादन की प्रक्रिया एवं प्रावधानों का उल्लेख करते हुए त्वरित निष्पादन की दिशा में कार्रवाई हेतु निदेश दिया गया। ज्ञात हो कि राजस्व पर्षद, बिहार के द्वारा लगातार वादों के निष्पादन हेतु निदेश प्राप्त हो रहे हैं। जिला स्तर पर लंबित नीलाम पत्र वादों के निष्पादन हेतु त्रि-स्तरीय व्यवस्था

### दिये गये कई निर्देश

की गई है जिसमें एक लाख से अधिक राशि, पच्चास हजार से एक लाख तक, पच्चास हजार से कम के मामले के सुनवाई हेतु क्रमशः जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, अंचल स्तरीय पदाधिकारी के न्यायालय का गठन किया गया है। जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय एवं अंचल स्तरीय नीलाम पत्र पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे एवं संबंधित बैंकों-विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित वादों का कैंप के माध्यम से निष्पादित करेंगे। देनदारों को बैंकों या विभागों से संबंधित बकाया का भुगतान करने हेतु प्रत्येक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाकर निदेश दिया गया। थाना स्तर पर लंबित वडी वारंट, डिस्ट्रेस वारंट के त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारी नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक मे नोडल पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज मंडल के ललित कला केंद्र में बुधवार को महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक इंदु रानी दुबे उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता, महिला कल्याण संगठन समस्तीपुर की अध्यक्ष विनीता श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव एवं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनन्या स्मृति की सौम्य व गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा ठाकुर एवं मधुबनी पेंटिंग कलाकार विनीता



झा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थीं।

मुख्य अतिथि इन्दु रानी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए परिवार, समाज और देश के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान महिलाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि सामाजिक प्रगति की दिशा में आवश्यक व महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मंडल की सभी महिला कर्मियों की भव्य उपस्थिति रही। इस दौरान वक्ताओं ने महिलाओं को उनके अधिकारों की याद दिलाते हुए उनके योगदान की सराहना की और प्रेरणादायक विचार साझा किए। इस दौरान महिला कर्मचारियों के कार्यों की भी जम कर सराहना की गई और उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें मंडल की महिला कर्मियों व मंडल के कलाकारों ने अपने विविध प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। लोग घंटों सम्मोहन की अवस्था में झूमते रहे। इस भव्य समारोह ने महिलाओं के प्रति सम्मान और उनके सशक्तिकरण के संदेश को बल प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक कुमार ने अतिथियों, कलाकारों एवं महिला कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## यात्रियों की सुविधा के लिए दो नई होली स्पेशल ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को दो जोडी ट्रेनों के परिचालन की व्यवस्था की गई है। जिसमें सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज -गोरखपुर-मथुरा-जयपुर के रास्ते चलने वाली गाड़ी सं. 05273 दरभंगा-दौराई (अजमेर) स्पेशल 22 एवं 29 मार्च, 2025 को दरभंगा से 13.15 बजे खुलकर अगले दिन 22.30 बजे दौराई पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05274 दौराई-दरभंगा स्पेशल 23 एवं 30 मार्च, 2025 को दौराई से 23.45 बजे खुलकर तीसरे दिन 06.50 बजे दरभंगा पहुंचेगी। वहीं गाड़ी सं. 05507 सहरसा-अमृतसर स्पेशल 16 मार्च, 2025 को सहरसा से 19.00 बजे खुलकर अगले दिन 02.20 बजे अमृतसर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05508 अमृतसर-सहरसा स्पेशल दिनांक 18 मार्च को अमृतसर से 04.00 बजे खुलकर अगले दिन 11.45 बजे सहरसा खुलेगी। बताते चलें कि इसके पुर्व समस्तीपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों से अलग-अलग गंतव्य केलिए 16 जोडी गाडियों की व्यवस्था की जा चुकी है। यात्री रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नजर

### देसी शराब बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर के बूढ़ी गंडक नदी के किनारे नावकोठी पुलिस ने 15 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि होली के मद्देनजर शराब कारोबारी शराब को इकठ्ठा कर रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु अपर थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, एसआई अनिल कुमार सिंह को दलबल के साथ सूचना स्थल पर भेजा गया। शिव मंदिर से करीब 500 मीटर बूढ़ी गंडक नदी के किनारे एक झोपड़ी में शराब तैयार करने हेतु कच्चा माल बरामद किया गया। इससे लगभग 50 लीटर देसी चुलाई शराब निर्माण किया जा सकता था। इसे विनष्ट किया गया। छापामारी के क्रम में एक 15 लीटर का उजला रंग का प्लास्टिक का जार मिला। इसे खोलकर सूंघने पर शराब का गंध मिला। इसमें 15 लीटर देसी चुलाई शराब बंद कर लावारिस हालत में फेंक दिया गया था। इसे जब्त किया गया। अज्ञात शराब कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कांड अंकित किया गया। शराब कारोबारी के संभावित ठिकाने पर छापामारी जारी है।

### एएनएम की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मिशन 95 की सफलता हेतु एएनएम की बैठक पीएचसी नावकोठी में गुरुवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने संपूर्ण टीकाकरण का एचएससी वाइज समीक्षा की। कम प्रतिशत कवरेज वाले एचएससी कर्मी को इसे बढाने का निर्देश दिया। ड्यू लिस्ट के मुताबिक टीकाकरण से वंचित लाभुक को टीकाकरण से शतप्रतिशत आच्छादित करने पर बल दिया। एएनसी, टेलीमेडिसीन, एमसीडी आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर बीएच एम आनंद ईश्वर, बीएमईए संदीप चंद्रा, डबल्यू एच ओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार, एसएमसी राजेश कुमार, एएनएम बेबी, मंचन, शालिनी, दीपा आदि ने हिस्सा लिया।

### भाकपा माले खेग्रामस की बैठक

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खेग्रामस राज्य कार्यालय द्वारा जारी सर्कुलर के आलोक में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष मोहम्मद इसराफिल की अध्यक्षता में हुई। बैठक भाकपा माले कार्यालय कमलेश्वरी भवन में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खेग्रामस राज्य उपाध्यक्ष जीवछ पासवान उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जीवछ पासवान ने कहा कि बिहार की नीतीश-मोदी सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों, ठेकेदारों और बड़े धन्ना सेठों की सरकार बन गई है। जिला सचिव चंद्रदेववर्मा ने बताया कि 19 मार्च को बेगूसराय सहित बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर इस जनविरोधी सरकार के खिलाफ जबरदस्त धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में जब कार्ड को अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन इसे बनवाने में बड़े पैमाने पर बिचौलियों की लूट चल रही है। सरकार की जमीन पर बसे भूमिहीन गरीबों को बासगीत पर्चा और आवास की गारंटी देने के बजाय उनकी झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। जिसे हर हाल में रोका जाएगा। बैठक में तय हुआ कि 24 मार्च को बिहार विधानसभा के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें बेगूसराय सहित राज्यभर से हजारों गरीब, मजदूर और किसान अपनी आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में उपेंद्र पासवान, नन्हकू पासवान, मोहम्मद कमाल, दिलीप ठाकुर, मनोज सिंह, सीताराम मरर, अर्जुन पासवान, विजेंद्र पासवान, पिंटू पासवान, जयजयराम पासवान, रामबदन सदा, अमित साह, मिथिलेश पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी होली पर्व के मद्देनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सर्किल इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष ने कोईलवर शहर में पैदल मार्च कर आम आवाम से शांति, सद्भाव एवं प्रेम पूर्वक पर्व मनाने की अपील की। इस दौरान कोईलवर पुलिस ऐक्टिव मूड में दिखी। पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक, सर्किल इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने पुलिस बल के साथ नगर पंचायत कोईलवर सहित थाना क्षेत्र के अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहे पर विशेष निगरानी रखने हेतु गश्त किया व पुलिस बल को तैनात किया। इस बाबत थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने बताया कि होली पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

### वृंदानंद आईटीआई में होली मिलन समारोह

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल स्थित गुरुवार को वृंदानंद आई. टी. आई में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। जमकर उड़े अबीर-गुलाल। जिसका आयोजन कर्ता वृंदानंद आई.टी.आई. राजू कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष नीरज सिंह कुशवाहा और विशिष्ठ अतिथि जगदीशपुर विधानसभा प्रभारी जेडीयू रवि उज्जवल कुशवाहा, कार्यकर्ता संतोष कुशवाहा, सुमित कुशवाहा, संतोष कुमार कुशवाहा थे। नीरज कुशवाहा ने कहा कि होली के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व को समझाया। साथ ही ईको-फ्रेंडली होली मनाने का संदेश दिया। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने त्योहार को आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ मनाने की अपील की। मौके पर चकवा पंचायत के मुखिया सतेन्द्र पासवान समेत अन्य लोग शामिल थे।

### मिठाई दुकानों का निरीक्षण

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले में विभिन्न मिष्ठान दुकानों व कारखानों में अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर हुआ। निरीक्षण के दौरान फूड इंस्पेक्टर व अन्य मौजूद थे।

### होली उमंग व प्रेम का है त्योहार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिला के प्रखंड बड़हरा में सेमरिया बाजार पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी सामाजिक लोगो ने जमकर एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की। जहां भोजपुरी गीतकार एवं कहानीकार कुमार अजय सिंह से लोगो के द्वारा एक होली गीत 'नाहीं अइले हनुमान कइसे जान बांची बबुआ लखन के' को सुनकर आनंदित हुए तथा उन्हे सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों लोगो को सम्मान देने के साथ जलपान और चाय भी चला। उक्त आयोजन का आयोजक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष भाजपा रामाकांत सिंह ने सबको बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की। भाग लेने वाले लोगो में बड़हरा भाजपा के मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय, सरैया मंडल के करोड़पति सिंह, स्वाभिमान भारत के अध्यक्ष राजेशदत तिवारी कृष्ण मोहन पांडेय, अजीत कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, मुरलीधर सिंह, संटु सिंह, रामकुमार सिंह सहित दर्जनों लोग थे।

### वार्षिक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्राइमरी और मिडिल स्कूल में वार्षिक मूल्यांकन का कार्य प्रारंभ है.सोमवार और मंगलवार को विद्यालय में वर्ग प्रथम और द्वितीय के बच्चों का मूल्यांकन किया गया वहीं बुधवार से वर्ग तृतीय से अष्टम तक के छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन जारी है। यह कार्य 20 मार्च तक संचालित रहेगा। बीईओ नागेंद्र सिंह ने बताया कि समग्र शिक्षा के तहत मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए सभी प्राइमरी और मिडिल स्कूल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मूल्यांकन का कार्य जारी है। मूल्यांकन के दौरान छात्र-छात्राओं का ग्रेडिंग भी की जाएगी।

# गिरफ्तारी अभियान में चार धंधेबाज समेत सात धराए

## होली त्योहार को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान, भभुआ, मोहनियां, करमचट व कुदरा थाना क्षेत्र में हुई छापेमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कुदरा।** होली त्योहार को लेकर कैमूर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब के धंधेबाजों व पियक्कड़ों के खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चलाया। अभियान में भभुआ, कुदरा व करमचट थाना क्षेत्र के चार धंधेबाजों के साथ तीन पियक्कड़ धराए। धंधेबाजों के पास से तेरह लीटर देसी शराब के साथ एक बाइक जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि धराए धंधेबाजों में भभुआ थाना क्षेत्र से धराए पियक्कड़ों में अखलासपुर गांव के सुजीत कुमार, पिता मदन सिंह, कुड़ासन गांव के उपेंद्र सिंह पिता ललन सिंह व कुंज गांव के असहर खान पिता अबरार खान, करमचट थाना के सवार गांव के तेरह लीटर देसी शराब के साथ धीरज मल्लाह पिता भरत मल्लाह को गिरफ्तार कर लिया जबकि कुदरा पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर देसी शराब के साथ तीन धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक बाइक भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धराए धंधेबाजों में रवि शंकर मौर्या पिता धनराज सिंह, नन्दलाल कुमार सिंह पिता रविन्द्र सिंह व अनुज कुमार पिता कामेश्वर सिंह तीनों कुदरा थाना के केवढी गांव के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में तीनों को गुरुवार को भभुआ न्यायालय भेज दिया गया। उधर,मोहनियां थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर 61.480 लीटर विदेशी शराब के साथ एक अभियुक्त सोनू कुमार मौर्या पे0- दीपचंद सिंह सा0-वार्ड नं0 14 मोहनियां थाना-मोहनियां जिला-कैमूर को गिरफ़्तार किया गया।

# प्रदूषक पदार्थों से होने वाले कुप्रभावों को लेकर नुक्कड़ नाटक से किया जा रहा जागरुक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** होली पर्व के पूर्व होलिका दहन की परंपरा है। होलिका सामग्री के साथ दहन सामग्री में अति-प्रदूषणकारी पदार्थों यथा टायर, रबर, प्लास्टिक, जला मोबिल आदि के जलाने पर उत्सर्जित प्रदूषक तत्वों से पर्यावरण व प्राणियों पर होने वाले कुप्रभावों के प्रति जन-सामान्य को जागरुक करने का प्रयास बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में रंगीन सूचनात्मक विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है। राज्य में आकाशवाणी के 5 केन्द्रों एवं पटना व मुजफ्फरपुर एफ.एम. बैंड रेडियो केन्द्रों से रेडियो जिंगल का प्रसारण कराया जा रहा है। साथ ही राज्य के निम्नांकित 12 शहरों में प्रतिदिन 4 भिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया गया। इन 12 जिलों में कुल 144 भिन्न स्थलों पर प्रदर्शन कराया गया। मधेपुरा, सुपौल, जहानाबाद, अरवल, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, मधुबनी, सीतामढ़ी, गया एवं मुजफ्फरपुर। इसके अतिरिक्त राजधानी पटना में 12 मार्च एवं 13 मार्च को प्रतिदिन 20-20 भिन्न स्थलों पर नाट्य प्रदर्शन कराकर जन-सामान्य में होलिका सामग्री में टायर, ट्यूब, जला मोबिल व प्लास्टिक नहीं डालने का संदेश दिया गया। इन दो दिनों में पटना शहर के कुल 40 स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया गया।

# गुरुकुल स्कूल सुजानपुर में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुकुल स्कूल में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय के निदेशक आरपी सिंह एवं प्रधानाध्यापक कुमार सविनय के नेतृत्व में संपन्न। कार्यक्रम में शिक्षकों, स्टाफ और छात्रों ने मिलकर रंगों के इस पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया। इस अवसर पर निदेशक आरपी सिंह ने गुरुकुल परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सनातन परंपरा और आपसी प्रेम व सद्भावना का प्रतीक है। उन्होंने सभी से हर्बल रंगों के प्रयोग का आग्रह किया जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य की सुरक्षा बनी रहे। समारोह में शिक्षकों ने होली के पारंपरिक गीत गाकर उत्सव का माहौल बनाया। प्रधानाध्यापक कुमार सविनय ने विद्यालय के सभी सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, चालक दल और स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने आपसी सौहार्द और प्रेम के रंग में सराबोर होकर होली के पावन पर्व का आनंद लिया।

# धान का पुंज जलकर राख, दो लाख की क्षति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना के रमणीबिगहा गांव में स्थित दो किसानों के खलिहान में रखे धान के पुंज में किसी शरारती तत्वों ने बुधवार की रात आग लगा दी। आग की लपट उठते देख ग्रामीण भागे-भागे मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास अपने स्तर से किया, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाये। इधर आग की उठते लपट को देख पास स्थित अन्य खलिहान में देख रबी की फसल को बचाने की नीयत से ग्रामीण रबी फसल को उठाकर हटाने लगे। हालांकि इस बीच अग्निशमन की दो -दो गाड़ी मौके पर पहुंच काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार रमणीबिगहा गांव के टुनटुन प्रसाद व पिन्टु प्रसाद के खलिहान में धान के दो बड़े पुंज थे। इसके आसपास गांव के अन्य किसानों का भी खलिहान था जहां रबी की फसल रखी गयी थी। आरोप है कि बीते बुधवार की रात किसी शरारती तत्वों ने धान के पुंज में आग लगा दी। इस संबंध में पीड़ित किसान के द्वारा अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है।

# शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों के तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** गुरूवार को स्थानीय पवित्र बंधन पैलेस में होली के पूर्व संध्या पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन एवं अपने दोस्त क्लब के सभी मित्र सदस्यों के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्या में उपस्थित साथी सदस्यों एवं एसोसिएशन के सदस्यों ने जिलाध्यक्ष इं. नवीन सिन्हा के साथ खूब नाच-गाकर होली मिलन समारोह की गरिमा को चार चांद लगाया। कार्यक्रम के पूर्व सभी उपस्थित शिक्षाविदों और बुद्धिजीवी सदस्यों ने सामूहिक दीप प्रज्ज्वलित कर होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभांरभ किया। होली की पारंपरिक गीत गोरिया करि के श्रृंगार..., अंखिया भइले लाल, अंखिया भइले लाल पपप, जोगिड़ा सर - रर... सहित कई प्रचलित गीतों पर नाच - गाकर खूब मनोरंजन किया। इं0 नवीन सिन्हा, नेत्र सर्जन डॉ मनोज कुमार, प्रो0 विनोद सिंह उज्जैन, प्रो0 राकेश बघेल, एडवोकेट भानू प्रताप सिंह, एडवोकेट ज्योति प्रकाश, अर्जुन कुमार, सुनील साहू, मोहन बाबू, इं0 प्रेम प्रकाश, राजेश कुमार सिंह, नरेंद्र दत्त मिश्रा, दिलीप कुमार सोनी, संजय सिंह, संजय गुप्ता, पप्पू कुमार सोनी, एडवोकेट दीपक कुमार, एडवोकेट सुजीत कुमार एवं संजय कुमार तिवारी सहित काफी संख्या में लोगों ने होली की खुशियों को अबीर - गुलाल लगाकर एक - दूसरे से साझा किया। मंच संचालन अर्जुन कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन इं0 सिन्हा ने किया।

# 16 वर्षीय किशोर लापता

**वजीरगंज(गया)(नबिटा सं.)।** प्रखंड के दखिनगांव निवासी साजन केवट का 16 वर्षीय पुत्र कृष कुमार विगत चार दिनों से लापता है। इसकी सूचना उसके पिता व परिजनों ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर उसे खोजने की गुहार लगाई है। फतेहपुर रोड में हनुमान मंदिर के पीछे लापता कृष का घर है। पिता साजन केवट ने बताया कि बीते रविवार को घर से बिना बताये कहीं चला गया है। चार दिनों से उसकी खोजबीन करते हुए हमलोग परेशान हो चुके हैं एवं अनहोनी की आशंका से उसकी माता का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

# बारून पुलिस ने मिनी शराब फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बारून (औरंगाबाद)।** अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा कसते हुए बारून पुलिस ने एक मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली शराब, खाली बोतलें, स्टिकर और शराब निर्माण एवं पैकिंग के उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अन्य व्यक्ति को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। थानाध्यक्ष रामइकबाल यादव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बंका बिगहा पिठनुआ गांव में एक घर में अवैध रूप से देशी शराब बनाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही तीन लोग भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान आशा देवी, मनोज राम और प्रमोद कुमार के रूप में हुई, जो एक ही परिवार के सदस्य हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अपने घर में अवैध देशी शराब बनाकर 'टनाका' ब्रांड का झारखंड निर्मित स्टिकर लगाकर बेचते थे। छापेमारी में बरामद सामग्री में 1,000 बोतल (300 लीटर) नकली देशी शराब, 200 खाली बोतलें, 5 लीटर स्प्रिट, शराब पैक करने की मशीन और सीलिंग उपकरण, 'टनाका' ब्रांड के स्टिकर और बोतलों पर लगाने वाले रैपर, एक पल्सर बाइक (जिसका नंबर फर्जी पाया गया) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि इस अवैध धंधे को रामपुर निवासी महेंद्र सिंह संचालित करता है। वह शराब निर्माण के लिए सभी आवश्यक उपकरण और सामग्री उपलब्ध कराता था तथा बनी हुई शराब की बिक्री करवाता था। पुलिस ने महेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आशा देवी, प्रमोद कुमार और मनोज राम के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, मुख्य आरोपी महेंद्र सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# बिजली चोरी के खिलाफ 10 लोगों पर जुर्माना सहित मामला दर्ज

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के अहियापुर, उतरेंन, पाली एवं रानी बिगहा गांव में बिजली चोरी के खिलाफ 10 लोगों पर जुर्माना सहित मामला दर्ज गुरुवार को हुआ है। जानकारी देते हुए विद्युत कनीय अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध गुप्त सूचना के तहत छापेमारी की गई जिसमें अवैध रूप से विद्युत जलाने के आरोप में छापेमारी के दौरान ग्राम अहियापुर निवासी शैलेन्द्र कुमार पिता सुरेश सिंह पर 19679 रुपए, राम निवास कुमार पिता रामाश्रय सिंह पर 30773 रुपए, संजय सिंह पिता राम चरित्र सिंह पर 14688 रुपए, कुमेश साव पिता मोती साव पर 24184 रुपए, ग्राम उतरेंन निवासी संजय यादव पिता संपत यादव पर 35552 रुपए, कंचन देवी पति विरन साव पर 21956 रुपए, ग्राम पाली निवासी योगेंद्र शर्मा पिता विष्णुदेव शर्मा पर 24773 रुपए, अजय सिंह पिता स्व.कामेश्वर सिंह पर 24054 रुपए, सुरेश राम पिता रतन राम पर 22211 रुपए एवं ग्राम रानी बिगहा निवासी राजकुमार ठाकुर पिता हरिद्वार ठाकुर पर 29066 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# युवक ने लगाई फांसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना के बेउर थाना अंतर्गत बरहमपुर इलाके में रहने वाले एक 26 वर्षीय युवक ने डिप्रेशन में आकर देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को पंखे से लटका हुआ देखकर उसके परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी बेउर थाना को मिली तब मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि ब्रह्मपुर में रामदयाल राय का 26 साल का बेटा संतोष कुमार ने डिप्रेशन में आकर फांसी लगा ली। परिवार के लोगों से पूछताछ किया जा रहा है। फिलहाल परिवार के लोग कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# राशन कार्डधारी 31 मार्च तक करा लें ई-केवाइसी, नहीं तो कट जाएगा नाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड कार्यालय में सभी पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक करते हुए उपभोक्ताओं को ई केवाइसी पर जो दिया गया ऐसे में धनरूआ में स्वर्ण जयंती सभागार में मंगलवार को सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार की अध्यक्षता में जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं के साथ बैठक हुई। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने साफ लहजे में कहा कि प्रत्येक जन वितरण दुकानदार राशन कार्डधारियों के प्रत्येक सदस्य का ई-केवाइसी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने राशन कार्डधारियों को जागरूक करने को कहा। साथ ही राशनकार्डधारी और प्रत्येक सदस्य को 31 मार्च तक पीडीएस डीलरों के पास उपलब्ध ई-पॉस मशीन से अपना ई केवाइसी कराने की अपील की है।

# भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो टीम के द्वारा होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद ।** भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो टीम के द्वारा शहर के होटल गणपति में पारिवारिक होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सहायक निदेशक अविनाश कुमार, राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव, जिले के ख्याति प्राप्त साहित्यकार सुरेंद्र मिश्रा, अधिवक्ता संघ के जिला सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, कविवर धनंजय जयपुरी, मंजू देवी समाजसेवी वरुण सिंह, शामिल हुए। लोगों ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से देश की चर्चित कथक नृत्यक प्रतीक्षा पंडित ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। होली गीतों पर अपनी प्रस्तुति से दीपशिखा ने लोग खूब तालियां बटोरी। चर्चित भजन गायिका अनुज भारती ने होली शिव भजन से लोगों से खूब तालियां बजवाई। संगीत शिक्षिका कंचन कुमारी ने भी अपनी प्रस्तुति से लोगों से खूब वाहवाही बटोरी। धर्मेंद्र यादव की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहना की। मोहित पाठक, रौनक सिंह, तेजस्विनी सिंह, अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब झुमाया। ढोलक के थाप पर मुकेश कुमार ने लोगों खूब झुमाया। जुड़वा भाई की जोड़ी राम श्याम ने अपनी प्रस्तुति से आनंदित किया।बेहतर प्रस्तुति के लिए सभी कलाकारों को अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर कला रत्न सम्मान से सम्मानित करते हुए कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति सदैव मिलकर रहने का संदेश देती है तथा होली का त्योहार इसका उदाहरण है । इसमें लोग आपस की गिलवे शिकवे मिटाकर रंगों में रंगे दिखते हैं जिससे आपसी दूरियां मिटती है और बंधुत्व की भावना जागृत होती है । कहां जा सकता है कि होली का त्योहार सामाजिक समरसता का परिचायक है। इस मौके पर जिला प्रभारी ओमप्रकाश, प्रशासनिक प्रकोष्ठ प्रभारी अजीत चंद्र,महिला प्रकोष्ठ प्रभारी अनीता सिंह,जिला जांच सचिव रणवीर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अमर कुमार, अतुल आनंद, सुनील कुमार, अनिल कुमार, अभिषेक सिंह दुर्गेश, नवीन सिन्हा, रंजीत कुमार, सुमन अग्रवाल, मनोज कुमार, सोनू कुमार, आदित्य नारायण सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### अनियंत्रित ट्रैक्टर के धक्के से महिला घायल, रेफर

**कुदरा(नबिटा सं.)।** स्थानीय थाना से पूरब गुरुवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के धक्के से एक महिला गंभीर रूप में घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को इलाज के कुदरा सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि महिला उक्त स्थान पर सड़क पार कर रही थी। उसी समय अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने महिला को धक्का मार दिया। घायल महिला चंद्रावती देवी कुदरा थाना के डेरवा गांव के रामाशीष यादव की पत्नी है।

### शादी का झांसा दे किया दुष्कर्म

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** महिला थाना में नौहट्टा थाना के एक गांव की नाबालिग बालिका ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने प्राथमिकी में कहा है कि उसकी भदारा गांव निवासी एक युवक सूरज पासवान से संपर्क हुआ। उसने उससे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। फिर शादी से इनकार कर दिया। इसकी जानकारी उसके बड़े भाई व बहनोई से की गई। तीन लाख रुपए दहेज की मांग की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भूत-प्रेत के चक्कर में मारपीट

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नील कोठी मुहल्ला निवासी नजमा परवीन ने पड़ोसी आफताब अंसारी समेत चार लोगों पर भूत प्रेत को लेकर मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### विभिन्न हादसों में दो की मौत

**बाढ़ (नबिटा सं.)।** बाढ़ के नवादा बिनटोली में पानी में डूबने से काजल कुमारी 12 वर्ष की मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ मेकरा गांव निवासी जयपाल राय 51 वर्ष की दुर्घटना में मौत हो गई। दोनों मृतक के शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### बाढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक दलों की बैठक

**बाढ़(नबिटा सं.)।** स्थानीय अनुमंडल कार्यालय परिसर में बाढ़ विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन पदाधिकारी डीसीएलआर पम्मीरानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, मतदाताओं का नया नाम जोड़ने आदि मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अधिकारियों के अतिरिक्त भाजपा नेता मुकेश सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, कांग्रेस नेता सतीश कुमार, वामपंथी नेता भोला शर्मा आदि मौजूद रहे।

### फ्लैग मार्च निकाला गया

**गया(नबिटा सं.)।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार को होली, रमजान एवं आगामी विभिन्न पर्व/त्योहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से एसडीओ नीमचक बथानी के नेतृत्व में खिजरसराय थानांतर्गत तथा डीएसपी वजीरगंज के नेतृत्व में मुफ्फसिल थानांतर्गत फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा स्थानीय लोगों से सकारात्मक संवाद स्थापित किया गया। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता में विश्वास की भावना को बढ़ावा देना, असामाजिक तत्वों में भय उत्पन्न करना और बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना था। इधर एएसपी सह डीएसपी शेरघाटी एक शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में शेरघाटी थानांतर्गत तथा डीएसपी विधि व्यवस्था के नेतृत्व में चंदौती थानांतर्गत फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा स्थानीय लोगों से सकारात्मक संवाद स्थापित किया गया।

### राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाने का लगाया आरोप, तबादले की मांग

**बाढ़(नबिटा सं.)।** बाढ़ के गौरक्षिणी स्थित कार्यालय में लोहिया जनता दल की बैठक आयोजित की गई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया पर स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार फर्जी मुकदमा कर परेशान करने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच करने की मांग की गई है। इस संबंध में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लल्लू मुखिया के विरुद्ध राजनीतिक इशारे पर लगातार साजिश की जा रही है। 2 वर्ष बाद एक पुराने मुकदमे में भी लल्लू मुखिया को फिर अभियुक्त बनाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में वरीय पुलिस पदाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच कराने की मांग की गई है। उन्होंने सहायक पुलिस अधीक्षक और बाढ़ थानाध्यक्ष का तबादला किए जाने की मांग की है ।


नथुछाप प्रा. कृषि साख सहयोग समिति लि.

प्रखंड-सिवान सदर, जिला-सिवान (बिहार)

आवश्यकता

सिवान जिले के नथुछाप पैक्स में प्रबंधक की नियुक्ति

**नियुक्ति की प्रक्रिया:-** आवेदक की शैक्षणिक योग्यता सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक परीक्षा में उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर में प्रशिक्षित (Tally के साथ)। नियुक्ति प्राधिकार द्वारा मेघा सूची के आधार पर किया जाएगा। सहकारी समिति में पांच वर्षो के कार्यानुभव आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी। वेतन पैक्स प्रबंध समिति निर्धारण करेगी। आवेदन करने की तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 10 (दस) दिनों के अंदर निबंधित डाक से किया जाएगा। आवेदक को सभी मूल शैक्षणिक कागजात साक्षात्कार के समय लाना अनिवार्य है।

**नोट:- विशेष जानकारी हेतु नथुछाप पैक्स कार्यालय से संपर्क करें।**

पता एवं निवेदक:- अभिनय कुमार चौबे, पैक्स अध्यक्ष
नथुछाप पैक्स, प्रखण्ड-सिवान सदर (सिवान)

मो: 8789404271



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

खुली निविदा के द्वारा | बैच संख्या 51/24 | दिनांक: 13.03.2025

भंडार सामग्रियों की आपूर्ति हेतु ई-टेण्डर सूचना-में सहभागिता "आई आर ई पी एस" के वेब पोंटल www.ireps.gov.in के द्वारा सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14.00 बजे।

| क्र.सं. | निविदा संख्या | समाग्री का विवरण | मात्रा | निविदा जारी की तिथि एवं समय | निविदा बंद की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08245003 | सप्लाई, इन्स्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमिशनिंग ऑफ इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन 20/7 टी | 01 सेट | 11.03.25/12:37:33 | 14.04.25 |
| 2 | 08235015 | सप्लाई, इन्स्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमिशनिंग ऑफ इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन 20/5 टी | 01 सेट | 11.03.25/12:35:40 | 07.04.25 |
| 3 | 06245117 | सील्ड मेन्टेनेन्स फ्री वीआरएलए बैट्री सेट ऑफ 60 सेल्स | 35 सेट | 12.03.25/11:48:44 | 14.04.25 |
| 4 | 03244954B | ओ/एच किट्स फॉर डिफ्रेण्ट वाल्व्स फॉर एग्जलरी मनिफोल्ड ऑफ इलेक्ट्रिक सीसीवी ब्रेक सिस्टम | 24 सेट | 12.03.25/11:33:07 | 07.04.25 |
| 5 | 03243713 | किट फॉर ऑटो ड्रेन वाल्व (एफटीआरटीआईपीएल) पीटी नं. 790010105 | 608 सेट | 08.03.25/18:14:12 | 07.04.25 |
| 6 | 13240554B | एल्युमिनियम चेक्यूरेड प्लेट 3360 एमएम x 813 एमम x 203 एमएम | 16 MT | 12.03.25/14:59:27 | 07.04.25 |

योग्य निविदा कर्ता आइआरइपीएस के वेव पोंटल www.ireps.gov.in पर अंतिम तिथि एवं समय के पूर्व अपना ऑफर ऑन लाइन दे सकते है। प्रेषिती और सामग्री का विवरण निविदा में उपरोक्त पोंटल पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ सामाग्री प्रबन्धक/कैरेज एण्ड वैगन/पूमरे/हाजीपुर

पीआर/02301/एचक्यू./भंडार/टी/24-25/80



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं.-डी.डी.यू/ईएल/जी/ई. निविदा/2024-25/23, दिनांक: 10.03.2025

मंडल रेल प्रबन्धक / विद्युत /सा./ डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ- साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024-25/15, विषय - डी. डी. यू. मंडल के प्लांट डिपो में 11 केवी सब-स्टेशन का 33 केवी सब-स्टेशन में उन्नयन का कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : रू. ₹1,75,34,729.17 निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 07.04.2025 15:00 बजे ई-निविदा वेब साइट का विवरण: www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.)/ पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/02278/डीडीयू/ईजीईएन/टी/24-25/28



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

**ई-निविदा संख्या : 24-25-20-एचआरटी-एलआरएस-वाटर** **दिनांक: 11.03.2025**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** सवारी माल डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत में "एलएचसी कोचों में अपशिष्ट जल के लिए संशोधित पाइप की सुधार और स्थापना" के लिए निविदा। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 1,20,24,249.60 (रू. एक करोड़ बीस लाख चौबीस हजार दो सौ उनचास और साठ पैसे मात्र), **3. निविदा प्रपत्र की राशि :** शून्य। **4. अग्रधन की राशि :** रू. 2,10,100.00 (रू. दो लाख दस हजार एक सौ मात्र)। **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 01.04.2025 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:15 बजे निविदा खोली जायेगी। **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ, तो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**
**पीआर/02289/एचआरटी/2/टी/24-25/44**

# अफवाह और झूठी खबर फैलाने वालों पर रहेगी प्रशासन की नजर, सोशल मीडिया सेल एक्टिव

## विधि व्यवस्था को लेकर 442 मजिस्ट्रेट तैनात, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरव जोरवाल के द्वारा होली त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ मनाने की सभी जिला वासियों से अपील की गई। इस वर्ष होली का त्योहार 14 एवं 15 मार्च को मनाये जाने की सूचना है। 13 मार्च की संध्या में होलीका दहन किया जाना है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पूर्वी चंपारण जिला में चिन्हित किए गए 442 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह प्रतिनियुक्ति सदर



**जिलास्तर पर स्थापित किया गया है नियंत्रण कक्ष, तीन शिफ्ट में लगी है कर्मियों की ड्यूटी**

अनुमंडल मोतिहारी में 228 स्थानों पर, चकिया अनुमंडल में 88 स्थान पर, पकड़ीदयाल में 100, सिकरहना में 149, अरेराज में 32 एवं रक्सौल में 45 जगह को चिन्हित करते हुए वहां पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके लिए ज्वाइंट आर्डर निकाला गया है। इस अवसर पर सूचना तंत्र को मजबूत करने एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। जिला स्तर पर अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो 0625 2242418 पर लगातार कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारी एवं कर्मियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारियों को कहा गया कि वे लगातार फील्ड में रहेंगे और भ्रमणशील रहेंगे। वे अपने वरीय पदाधिकारी के संपर्क में बने रहेंगे। डीजे पर पूर्णतः रोक रहेगी। बाइकर्स गैंग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को निर्देश दिया गया की होलिका दहन के चिन्हित जगह पर बिजली के तार आदि की जांच सुरक्षा की दृष्टि से ससमय करेंगे और आवश्यकतानुसार कार्रवाई करेंगे। अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे इस दौरान अग्निशमन दस्ता को तैयार रखेंगे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है की होली के दिन हुड़दंग करने वालों को बकशा नहीं जाएगा और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी इसके लिए साइबर सेल को एक्टिव कर दिया गया है। किसी भी स्थिति में पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से ही मानना है इसमें कहीं कोई गतिरोध पैदा करेगा तो उसके खिलाफ प्रशासन शक्ति से निपटेगा।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली का त्योहार

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एनडीए कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीतेश सर्राफ ने की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक राणा रंधीर सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार ही नहीं बल्कि आपसी भाईचारा का पर्व है। इन्होने सभी वर्गों के लोगों आपसी वैमनस्यता को समाप्त कर होली पर्व मनाने की अपील की। साथ ही ऐसे मिलन समारोह में समाज के सभी वर्गों के लोग एक जुट ही नहीं होते हैं बल्कि एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाकर प्यार और सौहार्द का संदेश देते हैं। मौके पर ढाका जिलाध्यक्ष सुनील सहनी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, चुन्नू सिंह, ध्रुव कैशरी, मनोज सिंह, जितेन्द्र पासवान, परमा जायसवाल, सुरेश सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### होली पर्व को लेकर की गई समीक्षा

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा आज अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पकड़ीदयाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित थाना प्रभारी एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ पकड़ीदयाल थाना में बैठक कर होली पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं और सोशल मीडिया पर डाले गए किसी भी पोस्ट को बिना उसकी जांच पड़ताल और उसकी सत्यता की जांच किए अगर कोई व्यक्ति फॉरवर्ड करता है तो यह उसकी जवाबदेही होगी और उसको चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। डीजे को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है एवं लाउडस्पीकर पर भी अश्लील गाने नहीं बजाई जाएगी जिसका समाज पर कुप्रभाव पड़ता है। ऐसे लोगों को भी चिन्हित का कार्रवाई की जाएगी।

### बीआरसी में होली मिलन समारोह का आयोजन

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड के बीआरसी कार्यालय में गुरुवार को बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई अरेराज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीआरसी के कर्मी समेत प्रखण्ड के कई विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे के बीच अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। प्रखंड अध्यक्ष मिंटू कुमार मिश्रा में बताया कि होली एक आपसी सौहार्द का त्योहार है। होली ही एक ऐसा त्योहार है जहां लोग आपसी मनमुटाव को भी त्यागकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। समाज में छोटे बड़े का भेदभाव की दूरी होली में ही देखने को मिलती है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने एक दूसरे के साथ जमकर गुलाल लगाये। मौके बीआरपी सुधांशु पांडेय, योगेंद्र पांडेय, चंद्रभूषण पाठक आदेशपाल शंभू प्रसाद सिंह, एमटीएस रविन्द्र कुमार पंडित, प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार मिश्रा, अशोक राम, रामबाबू प्रसाद समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

### धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

**चकिया (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर से लेकर गांव,कस्बों तक विभिन्न जगहों पर बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसी क्रम में शहर के व्यापार मंडल बाजार स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं, नेताओं व गणमान्य लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। दूसरी तरफ सेमरा गांव स्थित चंदन सिंह के आवास परिसर में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से होली गीत प्रस्तुत कर लोगों को झुमाया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता चंदन सिंह ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा चकिया शहर के मोतिहारी रोड स्थित जदयू पार्टी कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में जदयू प्रखंड अध्यक्ष लखन प्रसाद पटेल के अध्यक्षता में होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें जदयू के स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### प्रशांत कुमार ने पदभार किया ग्रहण

**नरहट (नवादा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड कार्यलय में मंगलवार को नए बीडीओ प्रशांत कुमार ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान बीडीओ बैजु कुमार मिश्रा ने उन्हें पदभार शौपा। पदभार ग्रहण करने के बाद नए बीडीओ ने प्रखण्ड कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर उपप्रमुख मो इस्त्राईल, पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, प्रवेश यादव, अख्तर जर्रा एवं प्रखण्ड कर्मियों ने निर्वतमान एवं नए बीडीओ को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। नए बीडीओ ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में सरकार द्वारा प्रदत्त जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभुकों तक शत प्रतिशत पहुचना प्राथमिकता रहेगी।

### बच्चों की लिखित परीक्षा शुरू

**पकरीबरावां (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के 128 प्रारंभिक विद्यालयों में वार्षिक मूल्यांकन के अंतर्गत वर्ग 3 से 8 तक का लिखित परीक्षा 12 मार्च से शुरू हुआ। परीक्षा 20 मार्च तक चलेगी। सभी शिक्षकों को वीक्षण कार्य हेतु प्रतिनियुक्ति अन्य विद्यालयों में किया गया है। प्रथम पाली में वर्ग 3 से 5 तक और द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक के बच्चों की गणित की परीक्षा हुई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार (पश्चिमी) के शिक्षक संतोष कुमार एवं प्रीति कुमारी की प्रतिनियुक्ति प्राथमिक विद्यालय केशोचक में की गई है।

# होली को लेकर गुलाल और टोपियों से सजी दुकानें, खरीदारों की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वारिसलीगंज (नवादा)।** रंगों का पर्व होली 13 मार्च को होलिका दहन से शुरू होगी। जो 16 मार्च को मगध में होने बाला बुढबा होली के साथ संपन्न हो होगी। लेकिन एक सप्ताह पहले से ही बाजार में पिचकारी व अन्य होली के साजो सामान की बिक्री जमकर हो रही है जिसमें मुख्य रूप से रेडीमेड कपड़ा पिचकारी आदि की खरीदारी हो रही है। वही रंग गुलाल, पिचकारी व टोपियों से सजी बाजार की दुकानों पर लग रही खरीदारों की भीड़। जबकि बाजार की फुटपाथों पर हरे चने की पेड़ व हरे पते वाला प्यान तथा पत्ता गोबी ने बाजार को वासंतिक रंग में रंग दिया है। लोग पहले बच्चों के लिए कुर्ता पायजामा व नए परिधानों की खरीदारी बाद रंग गुलाल एवं पिचकारी की खरीदारी करते देखे जा रहे हैं। पर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



जबकि गांव देहातों में पारंपरिक होली गीत का गायन से सम्पूर्ण वातावरण होलीमय हो रहा है। पर्व को लेकर वारिसलीगंज के बाजार में आम दिनों को अपेक्षा काफी अधिक भीड़ देखी जा रही है। जिसमें हर आयु वर्ग के महिला, पुरुष व बच्चे शामिल होते हैं। कपड़े व रेडीमेड दुकान, रंग पिचकारी व हरी सब्जियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देर शाम तक देखी जा रही है। विक्रेताओं द्वारा टाल क्षेत्र से हरा चना, पत्ता गोबी, हरे पत्तेदार प्याज आदि बाजार में होली के निकट होने का एहसास करा रहे हैं।बता दें कि प्रखंड क्षेत्र का लगभग सभी घरों के लोग रोजी रोजगार या पढ़ाई के लिए दूसरे प्रदेश में रहते हैं। होली के मौके पर घर आना चाहते हैं जो शुरू हो गया है। जिस कारण महानगरों से आने वाली लगभग सभी रेलगाड़ी में खचाखच बिहार वारिस्यों की भीड़ भरी रह रही है।

**बाजार में बिक रही मिठाई मिलावटी या असली की जांच नहीं**

ऐसे तो बाजार में मिठाई सालों भर बिकती है। जिसे लोग खरीद कर खाते हैं। लेकिन पर्व त्यौहार के मौके पर मिठाई की मांग कई गुना बढ़ जाता है। जिस कारण मिलावटी और नकली मिठाई मिलने की आशंका बढ़ जाती है। जानकार लोग बताते हैं कि पर्व त्योहार के मौके पर मांग बढ़ जाने से और लोकल स्तर पर उपलब्ध दूध की कमी के कारण नकली खोवा और नकली छेना का उपयोग मिठाई दुकानदारो द्वारा जमकर किया जाता है। हालांकि सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कर उपभोक्ताओं को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। लेकिन कहीं कोई जांच अधिकारी किसी भी मिठाई दुकान में पहुंचकर जांच नहीं करते है।

**होली के पहले ही हरे चने की शुरू हो जाती है बिक्री**

होली पर्व के दौरान लोगो के बीच किसानों के द्वारा उपजाए गए हरे चने से बना विभिन्न व्यंजन जिसमें पकौड़ी काफी लोकप्रिय होता है। हालांकि कुछ वर्ष पहले तक हर चना सिर्फ होली के समय बाजार में बिकती थी। लेकिन अब चना की फसल तैयार होने के साथ ही अच्छी कीमत मिलने के कारण किसान चने को व्यवसायियों के हाथों बेच देते हैं। जिससे होली के पहले से ही बाजार में हरा चना मिलना शुरू हो जाता है। बाजार में बिक हरे हरे चने की खूब खरीदारी हो रही है। जो अभी 25 से 30 रुपये प्रति किलो बिक रही है। होली में अधिकांश हिन्दू घरों में उड़द के वेशन से बना दहीवड़ा काफी लोकप्रिय होता है। मेहमानों के स्वागत के लिए दहीबड़ा एवं चने का बचका काफी स्वादिष्ट व्यंजन माना जाता है। जिसकी तैयारी गृहिणियों द्वारा कर ली गई है। होली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# होली को लेकर पताही प्रखंड क्षेत्र में डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पताही (पूर्वी चम्पारण)।** होली में विधि-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए गुरुवार को डीएम सौरव जोरवाल और एसपी स्वर्ण प्रभात स्वयं सड़क पर निकले। आम लोगों से सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की। साथ ही गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। फ्लैग मार्च के तहत पताही प्रखंड क्षेत्र में डीएम, एसपी के साथ अन्य पदाधिकारियों ने भ्रमण किया। फ्लैग मार्च में डीएम, एसपी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अविनाश, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोबीलाह अंसारी सहित पताही बीडीओ सम्राटजीत पताही थाना अध्यक्ष विनीत कुमार दरोगा संजय चौधरी दरोगा धनंजय कुमार शामिल हुए। फ्लैग मार्च के दौरान कई स्थानों पर डीएम और एसपी ने वाहन से बाहर निकलकर पैदल मार्च किया। चिंहित संवेदनशील गांव, टोलों में स्थानीय नागरिकों से बातचीत करके वहां का हालचाल लिया। जिला पदाधिकारी सौरव जोरवाल तथा एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि होली में कोई खलल नहीं डाले, इसको लेकर जिले में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों चिंहित किया गया है। वहां दंडाधिकारी और पुलिस को तैनात किया गया है। दंडाधिकारी को पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने को निर्देश दिया गया है। होली में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो इसको लेकर गांव-टोलों के दागी चरित्र के लोगों की पहचान करके निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।

# होली मिलन समारोह में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दी गई बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया बिहार रक्सौल अनुमंडल इकाई के तत्वधान में गुरुवार को वाइ एस रिसोर्ट लक्ष्मीपुर के सभागार में पत्रकार होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरीय पत्रकार दीपक अग्निरथ, सोमेश्वर वर्मा, नूतन चंद्र त्रिवेदी, नवीन कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, अभिषेक किमर लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, धर्मेंद्र दुबे आदि लोगो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने एक दुसरे को अबीर-गुलाल लगा व गले लगकर होली की शुभकामनाये दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनयूजेआई के अनुमंडल संयोजक बिपिन कुशवाहा ने की। इस दौरान श्री कुशवाहा ने आपसी प्रेम, सदभाव व भाईचारे पूर्वक होली का पर्व मनाने का आग्रह किया। वही सूखा होली खेलने व अश्लील व दुइअर्थी गानों से लोगो को परहेज करने की अपील की। इस मौके पर राजेश केशरीवाल, राहुल चौबे, अर्जुन तिवारी, प्रदीप कुमार, साहिल रजा, सुनील कविराज, संदीप कुमार उर्फ भोला कुमार, नवीनमणी गिरी, संजय कुशवाहा, मधु गिरी, अशोक यादव, प्रकाश कुमार, रितेश राज, योगेंद्र यादव, तरुष कुमार, जितेंद्र पंडित, प्रत्यूष कुमार, राजेश चौरसिया, पवन कुमार कुशवाहा, कुंदन कुमार, वरुण कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# होलिया में उड़े रे गुलाल... पर जमकर थिरके बच्चे

## मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में विद्यार्थियों ने लिया होली मिलन समारोह का आनंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के न्यू एरिया स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के सभागार में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ अनुज सिंह एवं मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं उपप्राचार्य के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। होली मिलन समारोह में विद्यालय के बच्चों ने जमकर आनंद उठाया। एक दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ अनुज ने कहा कि प्रकृति ने मनुष्य को कई सौगातें दी हैं उन्हीं में मौसम भी एक है। प्रत्येक मौसम हमें प्रकृति के अनेक रूप दिखाता है और हमें नए संदेश भी देता है। वैसे तो हर मौसम अपने आप में विशेष होता है, लेकिन उन सभी में फागुन का अपना अंदाज होता है। उन्होंने कहा कि रंगों के महा त्योहार इस होली का अपना महत्व है। यह हमारे जीवन में खुशियों और उल्लास के रंग भरता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पानी के दुरुपयोग न करने की सलाह दी। कहा कि पानी प्रकृति का अनमोल उपहार है, इसलिए हमें सूखी होली खेलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक होली के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति की गई। राखी, साक्षी, प्रिया अनुराधा ग्रुप ने स्वागत गीत के साथ समारोह का आगाज किया। ऋषिका, आरूषि, आराध्या, वैष्णवी ग्रुप ने होलिया खेल राम लला गीत पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। परी अन्य सलोनी प्रिया ग्रुप ने फूलों में सज रहे हैं वृंदावन बिहारी गीत गाकर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। अनुराधा एंड ग्रुप ने होली खेले महादेव पर रंगारंग प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। धानी चुनरी में गुंदरी लहर मारे गीत पर सिमरन, रिद्धि, रानी, सिंड्रेला शानवी ने मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आराध्या, आर्या, आकांक्षी, नंदनी, राधिका समूह ने ब्रज में आज होली है गीत पर सुंदर नृत्य से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पनिया लाले लाल जीत पर अमर, आनंद, गुंजन ग्रुप ने सुरीली अंदाज में गाकर उपस्थित दर्शकों को रिझाया। मौके पर होरी खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा ...। होलिया में उड़े रे गुलाल.... सुरों का गुलाल उड़ा और बच्चों के संग अभिभावक भी मदमस्त नाचने लगे। कार्यक्रम का समापन सदा आनंद रहे यही द्वारे गीत पर कृष्णा एवं समूह ने अपने तराने के साथ किया। साथ ही साथ उपस्थित अभिभावकगण, विद्यार्थीगण, शिक्षकगण होली त्योहार पर बनने वाले स्वादिष्ट मालपुआ ,कचरी, दहीबड़े इत्यादि का आनंद भी उठाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षकों में से नृत्य शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, संगीत शिक्षक पवन कुमार सिन्हा, अनिल विश्वकर्मा, सुजय कुमार, समीर सौरभ, चंद्रदीप प्रसाद, मनीष कुमार पांडेय, स्वीटी कुमारी, आशीष कुमार, कुमारी स्वीटी, माधवी कपूर, अंजना दीक्षित ,कुमारी अनुमेहा, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित सभी शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

# होली पर्व को लेकर धनसोई पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** होली पर्व को लेकर धनसोई थाना की पुलिस ने गुरुवार को थाना मोड से लेकर चिरैयाटार मोड़ तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों से आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह के नेतृत्व में निकाला गया था। फ्लैग मार्च पूरे बाजार होते हुए ठाकुरबाड़ी से लेकर चिरैयाटार मोड पर समाप्त किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि होली का पर्व महान पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग करके खुशी मनाते



हैं। उन्होंने कहा कि होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए काफी चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई है। वही इस मौके पर एसआई चंचल महथा, महिला हेल्प डेस्क प्रभारी एसआई मधु भारती, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, जदयू नेता सुरेंद्र भगत, चौकीदार अशोक सिंह, दीपक पासवान, श्रीभगवान पासवान, सोनू सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** ईस्ट चम्पारण लायंस क्लब परिवार ने रंगों का त्योहार होली महोत्सव का शानदार आयोजन किया। कहते है की जीवन बिना रंग के फीका है। हम सब अपने जीवन में रंगों का तड़का जरूर लगाना चाहते है। फागुन माह आता है और रंगों का फ़ेस्टिवल होली ले कर आता है। ईस्ट चंपारण लायंस क्लब परिवार जो की एक बहुत अनोखा परिवार है जो की अपना सारा फ़ेस्टिवल मिल जुल कर मनाते रहे हैं। इस बार क्लब में पहली बार क्लब के अध्यक्ष लायन चंदन कुमार के आह्वान पर पुरे परिवार के साथ होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंग में डूबे लायन इस पूरे कार्यक्रम में क्लब के तरह से क्लब सचिव लायन पवन पुनीत, पूर्व जिला पाल लायन विजय अग्रवाल, वाईस प्रेसिडेंट अशोक जैसवाल, रीजन चेयरमैन लायन अमर नाथ साहू, जोनल चेयरमैन लायन सुजीत कुमार, क्लब ट्रेजरर लायन डॉ राहुल शाह, लायन जितेंद्र ज्वेलर, लायन सतीश गुप्ता, अजय आजाद, लायन सोनल, लायन शैलेश कुमार, लायन राजू कुमार, लायन मनीष, लायन संतोष कुमार, लायन अभिषेक नारायण, लायन सुधांसु, लायन सुमन, लायन सुधीर गुप्ता, लायन सुकृत सिंह, लायन डॉ सचिनंद पटेल आदि उपस्थापित थे। एकता मैरिज हॉल के मालिक लायन उमेश चौहान भी उपस्थित थे। उक्त बातों की जानकारी क्लब के मीडिया प्रभारी लोकेश गुप्ता ने दी।

# आइओसीएल परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की उपस्थिति में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) मोतिहारी एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, पीओएल टर्मिनल ने प्रमुख आपात स्थितियों से निपटने में प्लांट कर्मियों और जिला प्रशासन की तैयारी का मूल्यांकन करने और उन्हें बढ़ाने के लिए लेबल 3 आपातकालीन मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया। लेवल 3 आपातकाल एक गंभीर स्थिति है जो प्लांट स्तर के नियंत्रण से परे बढ़ जाती है जिसके लिए जिला प्रशासन, अग्निशमन



सेवाओं और चिकित्सा टीमों सहित बाहरी आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों के हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने इसकी प्रशंसा की और उन्होंने कहा कि इस मॉक ड्रिल ने आइओसीएल मोतिहारी बॉटलिंग प्लांट की मजबूत तैयारी और प्लांट कर्मियों तथा जिला प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय को प्रदर्शित किया है। इस तरह की ड्रिल वास्तविक जीवन की आपात स्थितियों के लिए हमारी व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। इस अवसर पर वहां उपस्थित अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन राजेश्वरी पांडे ने कहा कि नकली आग़ की घटना को नियंत्रित करने में दक्षता बहुत ही सराहनीय है। संयंत्र की अग्नि समन क्षमता और बाहरी एजेंसी के साथ समन्वय अच्छी तरह से निष्पादित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती ने कहा कि अभ्यास के दौरान प्रदर्शित त्वरित प्रतिक्रिया और टीमवर्क सुरक्षा और आपातकालीन तैयारी के लिए प्लांट की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। आज के मॉक ड्रिल से सभी हितधारकों के लिए सीखने का एक बड़ा अनुभव प्रदान किया, जिससे सक्रिय सुरक्षा उपाय और समन्वित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयासों के महत्व को बल मिला। संयंत्र प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की मॉक ड्रिल के समय जिलाधिकारी के साथ एडीएम आपदा, एसडीएम मोतिहारी, एसडीएम रक्सौल, फैक्ट्री इंस्पेक्टर, जिला अग्निशमन अधिकारी और अग्निशमन सेवा कमी तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पीएचसी सुगौली उपस्थित थे।

राज्य कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मियों एवं अधिवक्ताओं के
स्वास्थ्य सुरक्षा का संकल्प
आवेदन वेबसाईट
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है!
जल्द करें आवेदन- बस लॉग इन करें
https://sehis.jharkhand.gov.in
अब राज्य कर्मियों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों को मिलेगा बीमा कम्पनी के द्वारा सामान्य बीमारियों में, सभी सूचीबद्ध अस्पतालों में ₹5 लाख तक एवं गंभीर बीमारियों में ₹10 लाख तक के कैशलेस इलाज की सुविधा, इसके अतिरिक्त इलाज पर होने वाले अन्य व्यय का भुगतान भी सरकार के द्वारा किया जायेगा।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें टोल फ्री नम्बर
1800-345-5027
इन्हें मिलेगा योजना का लाभ:
CATEGORY A
- राज्य विधान सभा के वर्तमान माननीय सदस्य।
- राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी।
CATEGORY B (पूर्णतः ऐच्छिक)
- राज्य के सभी सेवाओं के सेवानिवृत्त कर्मी / पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्त्ता एवं उनके आश्रित
- राज्य विधान सभा के पूर्व माननीय सदस्य
- अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत / सेवानिवृत्त पदाधिकारी
- राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड / निगम / संस्थान / संस्था में कार्यरत / सेवानिवृत्त नियमित कर्मी
- राजकीय विश्वविद्यालयों एवं उनके अन्तर्गत अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत / सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी।
CATEGORY C
- माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के स्तर पर गठित झारखण्ड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के अंतर्गत निबंधित अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा।
Category 'A', 'B' एवं 'C' के आश्रितों को योजना का लाभ मिलेगा
आश्रित:-पति/पत्नी / पुत्र/वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित / विधवा/परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (पेंशनर के मामले में प्रतिमाह रु0 9000/- और उस पर ततसमय अनुमान्य महंगाई राहत (Dearness Relief) से कम पेंशन प्राप्त करने वाले)
दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा का लाभ
महिला कर्मियों के मामले में माता-पिता अथवा सास-ससुर में से कोई एक पक्ष ही आश्रित की श्रेणी में होंगे
पति-पत्नी दोनों के राज्य सरकार के कर्मी होने की स्थिति में उनके बच्चे दोनों में से किसी एक के आश्रित माने जायेंगे
PR348498 Jharkhand State Arogya Society(24)25
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# महिलाओं की तरक्की से समाज का विकास संभव : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुरुवार को एकंगरसराय के कोल्ड स्टोरेज परिसर में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जदयू नेता रूहैल रंजन ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन कंचन कुमारी चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा की विधान पार्षद रीना यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके बीच अंगवस्त्र वितरित किए गए। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, स्वयं सहायता समूह (जीविका), पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण और सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। नीतीश कुमार की सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है और यह प्रयास बिहार को महिला सशक्तीकरण का मॉडल राज्य बना रहा है।

भारत का अपना ऑनलाइन स्टोर
Pro:-Niraj Kumar
M.G Road, Near Canara Bank, Aurangabad (Bihar)
GURUKUL IT SCOPE

होली के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रफुल्ल कुमार सिंह
पूर्व जिला पार्षद
रीता देवी
मुखिया, बेरी पंचायत
मदनपुर (औरंगाबाद)

## भदवां गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के भदवां गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। मारपीट के क्रम में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान भदवां गांव निवासी दया यादव के रूप में की गई है। घायल व्यक्ति को परिजनों ने इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहुई में भर्ती कराया। जहां इलाज किया गया। घायल के परिजनों ने इस मामले में रहुई थाना में लिखित आवेदन दिया है। जहां पुलिस ने कारवाई करते हुए मारपीट के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भदवां गांव निवासी नरेश यादव, अजय यादव और सुभाष यादव उर्फ भुरका के रूप में की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि पूर्व के विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई है जिसमें दया यादव घायल हो गए हैं। घायल के परिजन के द्वारा प्राप्त आवेदन पर कारवाई करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

LAXMI PUBLIC SCHOOL
अभिषेक कुमार, निदेशक
लक्ष्मी बिहार, बेल रोड, ओबरा, औरंगाबाद (बिहार)
Affiliated to CBSE New Delhi upto +2 Level
CLASS-NUR. TO XIIth
Modern Hostel Facility
Registration Cum Admission is Going on
FOR SESSION-2025-26
7542834728, 7542834724
lpsobra@gmail.com www.laxmipublicschool.in

तारा शिवशंकर डिग्री कॉलेज, तारा शिवशंकर इंटर कॉलेज, नालन्दा विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र तियरा, बक्सर की तरफ से सभी को होली की हार्दिक बधाई
धनंजय कुमार पांडेय
प्राचार्य

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
विजय परमार
कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा
नबीनगर (औरंगाबाद)

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
असलम भाई
पंचायत समिति सदस्य (बीडीसी)
केसठ (बक्सर)

## किशोर की गला रेत कर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के राजपुर मठिया गांव में गुरुवार की सुबह एक 16 वर्षीय युवक का शव मक्के के खेत से बरामद किया गया। मृतक की पहचान शमशाद आलम के रूप में की गई। शमशाद के पिता ने बताया गया कि शमशाद तीन दिन पहले ही गुजरात से घर आया था। मृतक की बहन शामसा खातून ने बताया कि शमशाद शाम को पिता की दुकान से घर आया था। इसके बाद वह रात करीब 8 बजे अंडा खाने चौक पर गया। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो परिवार ने उसकी काफी खोजबीन किया गया। लेकिन कही कुछ जानकारी नहीं मिला। अगली सुबह ग्रामीणों ने गढ़वा गांव के नहर के पास मक्के के खेत में एक शव देखा।

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर
की ओर से आप सभी को रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
आम नागरिकों से अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के दोनों किनारे पर कूड़ा-कर्कट या मिट्टी डालकर फ्लैंक ऊंचा न करें अन्यथा विभाग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सड़कों के रखरखाव में नागरिकों से सहयोग आवश्यक है। कृप्या यह ध्यान रखें कि नालियों तथा चापाकल का अनावश्यक पानी सड़कों पर नहीं बहे।
ई0 अविनाश कुमार
कार्यपालक अभियंता

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, महुआ (वैशाली)
की ओर से आप सभी को रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
आम नागरिकों से अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के दोनों किनारे पर कूड़ा-कर्कट या मिट्टी डालकर फ्लैंक ऊंचा न करें अन्यथा विभाग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सड़कों के रखरखाव में नागरिकों से सहयोग आवश्यक है। कृप्या यह ध्यान रखें कि नालियों तथा चापाकल का अनावश्यक पानी सड़कों पर नहीं बहे।
ई0 अरविन्द कुमार
कार्यपालक अभियंता

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से की सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील

**किसी भी प्रकार की सूचना या सहायता के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06154-242000 पर करें संपर्क**



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहाद्रपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने एवं इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की आवश्यक एवं ऐतिहातन तैयारी कर ली गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारी एवम पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक आज प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संयुक्त ब्रीफिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी स-समय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर अपने दायित्व का निर्वहन करें। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर संयुक्त फोटो, व्हाट्सएप नम्बर पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

**सादे लिबास में पुलिसकर्मी शरारती तत्वों पर रखेंगे नजर**

उन्होंने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित है। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने से जरा भी नही हिचके। सादे लिबास में पुलिसकर्मी शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह चौकस रहने का निर्देश दिया गया है । साथ ही जिले की पल पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 15 मार्च 2025 तक पूरी सक्रियता के साथ कार्य करेगा,जिसका दूरभाष नंबर 06154-242000 है। जो 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत रहेगा। सभी शिफ्टों में पर्याप्त संख्या में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष में दंगा नियंत्रण कंपनी, वज्रवाहन, अग्निशमन, आदि की तैनाती की गई है। अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अग्निशमन दस्ता को हर समय तैयार रखेंगे, ताकि आपात स्थिति में ससमय नियंत्रण किया जा सके। विद्युत संबंधी समस्या से निबटने के लिए फ्यूज काल सेंटर की स्थापना की गई है।

**24 घंटे चिकित्सा दल सक्रिय और सजग रहें**

इसके अलावा होली को लेकर सतर्क रहते हुए जीवन रक्षक दवाओं के साथ, एंबुलेंस को चिकित्सा दस्ता के साथ नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त करने को लेकर सिविल सर्जन को निर्देशित किया खाया है। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सा दल सक्रिय और सजग रहेंगे। डीजे के साथ साथ उत्तेजक और अश्लील होली गायन पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ शराबबंदी को देखते हुए लगातार सघन वाहन जांच चलने के साथ शराबबंदी कानून का सख्ती से अनुपालन करने हेतु ड्रोन एवम प्रशिक्षित डॉग के सहयोग से सभी सार्वजनिक भवनों,खेत-खलिहान आदि में सघन जांच अभियान चलाकर महत्वपूर्ण ठिकानों पर छापेमारी करने का निर्देश जिलपदाधिकारी ने दिया है। सभी एसडीएम व एसडीपीओ तथा उत्पाद अधीक्षक को 24 घंटे संदिग्ध स्थलों पर छापामारी करने का निर्देश दिया गया है।

## प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाल की प्रेम व भाईचारे से होली मनाने की अपील



**नरकटियागंज/साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रो में शांतिपूर्ण माहैल में होली पर्व मनाने को लेकर अनुमंडल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। बुधवार की शाम में एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता,एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह, सीओ सुधांशु शेखर, थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम ने नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल कर प्रेम व सौहार्द से होली मनाने की अपील की गई। एसडीएम श्री गुप्ता ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से नगर की होली की निगरानी की जा रही है और असामाजिक तत्वों को कैमरे के माध्यम से चिन्हित कर उन पर कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। एसडीएम ने बताया कि होली का पर्व प्रेम और भाईचारे के बीच संपन्न हो, इसको लेकर सभी चौक चौराहा समेंत संवेदनशील जगहो को चिन्हित करते हुए वहां दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। जहां से पर्व को लेकर नजर रखी जा रही है। एसडीएम ने लोगों से प्रेम और भाईचारे के बीच होली का पर्व मनाने की अपील की।फ्लैग मार्च में बीडीओ सूरज कुमार सिंह ,सीओ सुधांशु शेखर समेत तमाम पुलिस अधिकारी व जवान शामिल रहे। साठी प्रतिनिधि के अनुसार होली पर्व को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने की। इस दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन शुक्रवार को पड़ रहा है। इस दौरान दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे की भावना का कद्र करते हुए कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि एक दूसरे को ठेस पहुंचे। मौके पर थाना अध्यक्ष के साथ पीएसआई अमरजीत कुमार, नितेश कुमार, राहुल कुमार, दरोगा विपिन कुमार, मनोज कुमार, इकबाल खां, शशिकांत शर्मा, जमादार शैलेंद्र सिंह, रघुनंदन मेहता और पुलिस बल व चौकीदार मौजूद रहे।

## सदभावना व प्रेम की प्रतीक है होली : बीडीओ



**जीरादेई/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय मेँ गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी धीरज कुमार दूबे के देख रेख मेँ किया गया. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने कहा कि सदभावना एवं प्रेम का प्रतिक है होली. जो अपनापन का सीख देता है तथा आपसी भाईचारे को कायम कर जीवन में आनन्द व उल्लास भर देता है। यह त्योहार सनातन परंपरा को जीवंत रखते हुए सच्चाई का संदेशवाहक है तथा इसके गीतों में भारतीय संस्कृति व सभ्यता की मनोरम झलक मिलती है । वही मौके पर उपस्थित पत्रकार डा कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि भाईचारे का मिशाल है होली जो मानव समाज में शांति व सद्भाव लाने में विश्वास करता है. उन्होंने अपील किया कि होली एवं जुमा के नमाज को सौहार्द पूर्ण वातावरण मेँ मनाये तथा सदियों से चली आ रही भाई चारे को जिवंत रखने मेँ अपनी ऊर्जा को लगाया जाय. इस मौके पर अंचल अधिकारी हेमेंद्र कुमार थाना प्रभारी सोनी कुमारी, लारा, रवि सोनू, मनीष तिवारी, शैलेन्द्र कुमार सहित पूरे कर्मी मौजूद थे।

## बंध्याकरण में अव्वल आने पर डीसीएम सम्मानित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा पदाधिकारी और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रमंडल स्तर पर सम्मानित किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीएम राजेश कुमार को महिला बंध्याकरण में पूरे प्रमंडल में प्रथम आने पर प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार वर्ष 2024 में परिवार नियोजन कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मिला है। डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई तिरहुत प्रमण्डल (एफपीएलएमआईएस) की समीक्षात्मक बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन मुजफ्फरपुर में हुआ। इसमें तिरहुत प्रमंडल में पश्चिमी चंपारण जिले को परिवार कल्याण कार्यक्रम में 6 पुरस्कार प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, डीसीएम राजेश कुमार, डॉ रश्मि (जीएमसीएच), एनएम पूनम कुमारी, माजदा खातून, रजिया सुल्ताना, नमिता (तीनों शहरी आशा) को पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एसीएमओ डॉ चंद्रा ने बताया कि डीसीएम राजेश कुमार को समय पर सही रिपोर्टिंग और तिरहुत प्रमंडल में पश्चिमी चम्पारण महिला बंध्याकरण में प्रथम स्थान पर आने के कारण पुरस्कार दिया गया।

## संदिग्ध अवस्था मे विवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के केहुनिया उपाध्याय टोला गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान उमेश पटेल की पत्नी निक्की देवी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुँची शिकारपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया गया है। घटना के बाद से मृतका के पति समेत अन्य ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हैं। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विवाहिता की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी और वह गर्भवती भी है। उन्होंने बताया कि आसपास के ग्रामीणों ने बीमारी से मौत की जानकारी दे रहे हैं।घटना के हर पहलू की जांच पड़ताल करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## डीएम एसपी ने विधि व्यवस्था को ले जारी किया संयुक्तादेश

**सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली त्योहार व जुमा की नमाज को लेकर किसी तरह की खलल नहीं पड़े, इसको लेकर जिला प्रशासन की फुलप्रूफ तैयारी की गई है। सांप्रदायिक दृष्टिकोण जिले में संवेदनशील जगह चिन्हित की गई है। इन जगहों पर 2-8 की पुलिस बल की तैनाती होगी। इतना हीं होलिका दहन से लेकर जुमा की नमाज अदा करने के दौरान भी प्रशासन विशेष नजर रहेगी। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा की जाती है। ऐसे में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवानों को नमाज पढ़ने के समय विशेष नजर बनाए रखेंगे,ताकि नमाज व होली के पर्व में शरारती तत्व किसी तरह की खलल नहीं डाल सकें। ऐसे तत्वों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों के द्वारा होलिका दहन के समय जान-बूझ कर पूर्व विवाद को लेकर दूसरों के सामानों को डोलिका में डाल दिया जाता है या फूस की झोपड़ियों ,फसल, जलायन आदि में आग भी लगा दी जाती है जिससें विवाद उत्पन्न होता है। इन पर भी प्रशासन की नजर रहेगी। होली पर्व को लेकर गुरुवार से ही जिला से लेकर अनुमंडल मुख्यालय में कंट्रोल रुम काम करना शुरू कर दिया है। जिला मुख्यालय कंट्रोल रुम आज यानि शुक्रवार तक काम करेगा,जबकि अनुमंडल में कार्यरत कंट्रोल रुम 15 मार्च (होली पर्व) तक काम करेगा। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से तीन शिफ्ट में पदाधिकारी व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला कंट्रोल रुम का वरीय पदाधिकारी एडीएम सह जिला लोक शिकायत पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा बनाया गया है। जबकि मनरेगा के डीपीओ राजीव कुमार व अवर निर्वाचन पदाधिकारी यशलोक रंजन को नियंत्रण कक्ष के प्रभार में रहेंगे। वही अनुमंडल स्तर पर कार्य करने वाले नियंत्रण कक्ष के लिए सभी एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिया गया है। त्योहार की समाप्ति तक भीएचएफ कंट्रोल एवं जिला के सभी थाना के वायरलेस सेट प्रत्येक घंटा के कॉल पर खुलेगा। भीएचएफ कंट्रोल प्रत्येक घंटा पर थाना से खैरियत प्रतिवेदन तथा महत्वपूर्ण सूचना एकत्रित करेगा।

## टाइनी टाट्स प्ले स्कूल मैरवा में नन्हे मुन्नों ने मनाई होली



**मैरवा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैरवा नई बाजार स्थित टाइनी टाट्स प्ले स्कूल में आज होली के रंगों की धूम मची रही। नन्हे मुन्ने बच्चों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर और रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर होली के इस पावन पर्व को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। गुरुवार की सुबह विद्यालय परिसर में बच्चों की चहल-पहल देखते ही बन रही थी। रंगों से सराबोर नन्हे अलबेलों ने होली के गीतों पर थिरकते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाया और होली मनाई। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों को होली के महत्व से अवगत कराया। प्राचार्य प्रीति सिंह ने बच्चों को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल होली खेलने का संदेश दिया।उन्होंने कहा,"होली प्रेम सद्भावना और रंगों का त्योहार है।हमें इसे सौहार्दपूर्वक मनाना चाहिए और पानी की बचत का भी ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को गड़ी-छुहारा वितरित किए गए, मिठाइयां खिलाई गई जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई। इस अवसर पर शिक्षिका पूजा साव, रोशनी बरनवाल, सोनम जायसवाल, नंदनी बरनवाल, चंदा देवी इत्यादि उपस्थित रहे।

## होली के गीत पर थिरके राजद नेता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के संतघाट स्थित राजद के प्रधान जिला महासचिव अमर यादव के आवास पर गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में राजद नेता होली के पारंपरिक गीत पर जमकर थिरके। इस दौरान लोगों ने रंग गुलाल लगा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। प्रधान महासचिव कुमार यादव ने सभी को सौहार्दपूर्ण माहौल में होली पर्व मनाने की अपील किया। राजद के जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी प्रभु यादव ने कहा कि होली रंग व उमंग का पर्व है। सभी लोग हर्षोल्लाह से पर्व मनाएं। मौके पर जिला युवा राजद के जिलाध्यक्ष संजय यादव, इंजीनियर संजय कुशवाहा, सलाउद्दीन खान उर्फ हीरालाल, महंत चौरसिया, शंकर चौधरी, आदित्य यादव, सुरेंद्र मुखिया, जयलाल यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### चाणक्या स्कूल ऑफ एजुकेशन में मना होली मिलन समारोह

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक शर्मा द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया। होली मिलन समारोह में समाजसेवी विजय कुमार चौधरी, नरेंद्रनाथ झा, अचल नारायण शर्मा, युवा नेता राहुल कुमार, धर्मेश सिंह, विनीत मिश्रा, उत्सव ठाकुर, दिवाकर मिश्रा, साजन राय, रणजीत राय, जिला परिषद अशोक कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि विभय चौबे, भाजपा नेता मनोज सिंह, मुन्ना तिवारी, मनु बाबू कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा माधोगढिया, सुनीता शर्मा, दीपेंद्र सर्राफ, डॉ अमिताभ चौधरी, डॉ राकेश रौशन, विजय विक्टर, अक्षय राज सिंह, राजेश कुमार, संजू गिरी के साथ साथ रोटरी क्लब बेतिया टाउन, रोटी बैंक के सदस्य सहित अन्य मौजूद रहें।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय आजाद मंच द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह जिला पार्षद अजय कुमार पूर्व अध्यक्ष विशाल कुमार मिश्र पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेष दुबे गोलू मिश्र,येशु रत्न,अमित राय,विकास आर्य,शुभम श्रीवास्तव,धनंजय कुशवाहा,प्रेम कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### होली को ले 762 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली व रमजान पर्व को मद्देनजर रखते हुए शान्तिपूर्ण पर्व संपन्न कराने को लेकर सीमावर्ती थाना की पुलिस ने असमाजिक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसमें पुलिस अंचल क्षेत्र में कुल 762 लोगों पर धारा 107 की कार्रवाई की गई है। वहीं अलग-अलग थाना क्षेत्र में 33 डीजे भी जब्त किया गया है। मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि 169 लोगों पर 107 व 11 डीजे जब्त किया गया है। इनरवा थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया की 138 लोगों पर 107 व 10 डीजे, पुरुषोत्तमपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि 156 लोगों पर 107 व 7 डीजे, भंगहा थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि 299 लोगों पर 107 व पांच डीजे जब्त किया गया है।

### होली को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी और थानाध्यक्ष ने की सघन वाहन जांच

**तरवारा/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीवी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा बाजार में होली के मद्देनजर प्रखंड विकाश पदाधिकारी पचरुखी जी वी नगर थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल के साथ होली की पूर्व संध्या पर पुलिस बल के साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया जिसमे विशेष रूप से लहरिया कट बाइकर्स , बिना हेलमेट व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वालो के साथ साथ छोटी बड़ी गाड़ीयो की भी होली को लेकर निषेधात्मक पदार्थो को लेकर आवाजाही करने वाले पर सक पर जांच पड़ताल किया हालांकि पुलिस को कोई सफलता नही मिली लेकिन लोगो मे पुलिस प्रशासन के चौकना रहने से लोगो मे शक्रियता देखने को मिली वही अवैध शराब कारोबारीयो में बेचैनी बढ़ गयी हैं।इस वाहन जांच के संदर्भ में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि होली के पर्व को लेकर वाहन जांच किया जा रहा है ताकि कही कोई व्यक्ति प्रतिबंधित सामग्रियों की आवाजाही या खरीद-फरोख़्त की हिम्मत ना करे और होली का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जा सकें।

### सरयू नदी में स्नान करने गये तीन युवकों की मौत

**गुठनी/दरौली(सिवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दरौली अवस्थित पवित्र सरयू नदी पर बने पीपा पुल से स्नान कर रहे तीन युवकों की गहरे पानी मे डूबने से मौत हो गयी है। तीनों युवकों की पहचान दरौली थानाक्षेत्र के दोन (मंगरौली) गांव धर्मेंद्र पांडे के पुत्र रितेश पांडे(20 वर्ष),चंदन तिवारी के पुत्र सन्नी तिवारी(25) तथा शंकर तिवारी का पुत्र सुरज तिवारी(20 वर्ष) के रूप में पहचान हुई है। पुलिस ने तीनों शवो का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु सिवान सदर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगरौली गांव के तीनों युवक गुरुवार को उमंग के साथ पीपा पुल पर नहाने गये थे। नहाने के क्रम में पहले एक युवक डूबता चला गया जिसे देख दूसरा उसे बचाने गया फिर तीसरा युवक। एक दूसरे की मदद में तीनों युवक गहरे पानी मे डूब गये। पीपा पुल पर चल रहे यात्रियों ने यह नजारा देख शोर मचाया तो मछुवारों ने नदी में छलांग लगायी और तीनों युवकों को निकाला। नदी से निकाल कर मछुवारे और ग्रामीणों ने स्वास्थ केंद्र लाया जहां चिकित्सकों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में कुछ लोगों ने बताया कि पीपा पुल पर बैठकर रील बना रहे युवकों में अचानक एक युवक नदी में गिर गया और उसे बचाने में एक एक करके दोनों युवक नदी में कूदे और अपनी जान गवां दी। घटना की जानकारी होते ही बीडीओ दीप सीखा,सीओ विद्याभूषण कुमार तथा थानाध्यक्ष रौशन कुमार मौके पहुच कर घटना की जानकारी ली तथा अस्पताल में परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस दिलाया। उधर घटना की जानकारी परिजनों को होते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया और चारो तरफ रोने चिल्लाने से पूरे गांव का माहौल मातम में बदल गया।







**सन्नी के सरयू में डूबने के साथ घर आखिरी चिराग भी हुआ दफन**

इन तीनों युवकों में शामिल चंदन तिवारी के पुत्र सन्नी तिवारी(25 वर्ष) के सरयू में डूबने के साथ ही परिवार का आखिरी चिराग भी बुझ गया। चंदन तिवारी का इकलौता पुत्र और परिवार का एकलौता चिराग था। उसकी पत्नी बेबी देवी और माता कलावती देवी का रो रो कर हाल बुरा है। वहीं दूसरा युवक शंकर तिवारी का पुत्र सुराज तिवारी भी अपने दो भाई और दो बहनों में बड़ा सदस्य था। वही तीसरा रितेश पांडे भी अपने दो भाई में बड़ा था। रितेश की पत्नी रिंजू देवी के विलाप से गांव की महिलाएं अपनी आंसू नही रोक सकी।

### दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ज़िरादेई थाना क्षेत्र में सिवान मैरवा मुख्य मार्ग पर पम्प के पास दो बाईकों की टक्कर दो युवक की मौके पर मौत हो गई ।जिनकी पहचान ग्राम भरौली के दीपक साह के पुत्र दीपांशु कुमार एवं मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भांटा पोखर धूप लाल राम के पुत्र मनीष राम के रूपमें हुई।वही घायलो कि पहचान भाँटपोखर के संतोष राम का पुत्र सोनू राम भरौली के उपेंदर सिंह के पुत्र अभिनंदन कुमार विनोद राय के पुत्र आदर्श राय के रूप में हुई।इन धायलों की इलाज सिवान सदर अस्पताल में चल रहा है । इस मामले को लेकर समाजसेवी श्रीनिवास यादव ने प्रशाशन के व्यवस्था के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। और कहा किमैं कल ही जिला शांति समिति में यह बात उठाया की कम से कम होली के त्योहार को देखते हुए सिवान जिला के सभी मुख्य मार्ग पर एक एक रोड एंबुलेंस की सुविधा हो मगर नहीं होने के कारण आज इन घायलों को पिकअप से लादकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाना पड़ा।

## मंडल कारा में दस दिवसीय मेडिकल कैंप में जांच में मिले 15 कैदी टीबी से संक्रमित

**यक्ष्मा विभाग सभी टीबी संक्रमित बंदियों को शीघ्र शुरू करेगा टीबी की दवा**





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सौ दिन के सघन टीबी कार्यक्रम के तहत 3 मार्च से 12 मार्च तक मंडल कारा में जिला यक्ष्मा विभाग द्वारा लगाए गए मेडिकल कैंप में 775 बंदियों की एक्सरे जांच में 15 बंदी टीबी से संक्रमित मिले.संक्रमित बंदियों के साथ रहने वाले लगभग 300 बंदियों की सीवाई टीबी इंजेक्शन के माध्यम से करने पर 21 बंदी टीबी इनफेक्शन से संक्रमित मिले. एक्सरे जांच के दौरान 422 बंदियों का नॉर्मल एवं 338 बंदियों का रिपोर्ट असामान्य आया.बुधवार को कैंप की समाप्ति के बाद मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद ने सीवाई टीबी इंजेक्शन के माध्यम से टीबी इनफेक्शन से संक्रमित मिले 21 बंदियों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट की दवा शुरू कराई.बताया जाता है कि टीबी से संक्रमित मिले 15 बंदियों को जेल प्रशासन से अनुमति लेने के बाद जिला यक्ष्मा केंद्र में पुनः एक्सरे एवं सीबीनेट जांच कराया जाएगा.उसके बाद इन बंदियों को टीबी की दवा शुरू की जाएगी.सीडीओ डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि सौ दिन के अभियान के तहत मंडल कारा सीवान के कैदियों की भी स्क्रीनिंग पोर्टेबल एक्सरे द्वारा किया जा रहा है. सभी कैदियों की स्क्रीनिंग एक्सरे से की गई.एक्सरे में निगेटिव आने वाले कैदियों को सीवाई टीबी इंजेक्शन के माध्यम से टीबी इनफेक्शन की जांच हुई एवं सीवाई टीबी में पॉजिटिव आने वाले कैदियों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट की दवा शुरू की जा रही है.जांच के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद, एक्सरे टेक्नीशियन विकाश कुमार मिश्रा, एटीएस रामसागर राम, एसटीएलएस ओमप्रकाश प्रसाद,टीबी एचबी सुमन प्रसाद, एलटी राजीव कुमार एवं एएनएम बलमदीना तिर्की उपस्थित थी.

## कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित किया गया होली मिलन एवं दावते इफ्तार



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीवान जिला कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन का कार्यक्रम भव्यता से मनाया गया. कांग्रेस जनों ने होली गीतों का भरपूर आनंद लिया और सबने लोक कलाकारों और जिलाध्यक्ष डॉ विधु शेखर पाण्डेय की अगुवाई में गाये होली गीतों का आनंद लिया. शाम को कार्यालय में दावते इफ्तार का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया. जिलाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए देश के सभी धर्मों को सम्मान देते हुए एक दूसरे के लिए मददगार बनने की सलाह दी. हमारी संस्कृति विश्व बंधुत्व की है और इस वर्ष होली रमजान ईद का दुर्लभ संयोग का लाभ हमें मिल रहा है. सीवान की जनता को कांग्रेस पार्टी की ओर से होली की शुभ कामना और रमजान की मुबारक बाद दी.कार्यक्रम में शिव धारी दूबे, रमाकांत सिंह, ओमप्रकाश मिश्र, डा के एहतेशाम, बंगाली प्रसाद, बृज किशोर सिंह, इंदू दीदी, नबी रसूल अंसारी, शहाबुद्दीन जी, अरुण माझी, मनोज तिवारी, ध्रुव लाल कुशवाहा, संतोष पांडे, कमलेश सिंह बच्चू, अलाउद्दीन अहमद, सुहैल अंसारी, मिथिलेश सिंह, अहमद नवाज, इमाम सफर, यमानी ,मेराज अहमद आदि ने भाग लिया.

# होली और रमजान प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की देते हैं सीख : जिलाधिकारी

**■ डीएम ने होली मिलन एवं इफ्तार का किया आयोजन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में गुरुवार को एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने स्थानीय परिसदन में होली मिलन एवं इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भाईचारे और सौहार्द्र को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल, उपविकास आयुक्त अभ्येन्द्र मोहन सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय पाण्डेय, अनुमंडल अधिकारी संतन कुमार सिंह, नगर परिषद् अध्यक्ष उदय गुप्ता और रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह कार्यक्रम में शामिल थे। इसके अलावा हिंदू और मुस्लिम समाज के तमाम प्रबुद्ध लोग इस आयोजन में शामिल हुए और इसे आपसी भाईचारे की मिसाल बताया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि ''होली और रमजान दोनों ही पर्व हमें प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की सीख देते हैं। यह आयोजन इस बात का प्रतीक है कि चाहे पर्व कोई भी हो, सभी समुदायों को एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनानी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि यह पहल प्रशासन की ओर से समाज में एकता और शांति का संदेश देने के लिए की गई है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि, ''धर्म और जाति से ऊपर उठकर जब हम एक-दूसरे के पर्व और त्योहारों में शामिल होते हैं, तो समाज में एकजुटता की भावना मजबूत होती है।


रंगों का त्योहार होली के अवसर पर
आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मवीर सिंह
डीलर एसोसिएशन
अनुमंडल अध्यक्ष, गया

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
डीलर एसोसिएशन
टिकारी
होली की हार्दिक शुभकामनाये
उदय नारायण सिंह
प्रखण्ड अध्यक्ष, डीलर एसो0, टिकारी (गया)
मिथलेश प्रसाद
सचिव

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर
आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सुमन ऋषि फ्यूल
मेसर्स सुमन ऋषि फ्यूल स्टेशन, हुलासगंज (जहानाबाद)
प्रो0- सुमन ऋषि

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर
बिहार प्रदेशवासियों तथा सभी सम्मानित
हाजीपुर नगर परिषदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद, हाजीपुर (वैशाली)
अपील
हाजीपुर नगर परिषद क्षेत्र को साफ, सुथरा, स्वच्छ तथा हरा-भरा बनाए रखने में सहयोग करें।
नगर परिषद के सभी प्रकार के करों का समय पर भुगतान कर शहर के विकास में सहभागी बनें।
सुशील कुमार
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, हाजीपुर (वैशाली)

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर
आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द सिंह
वरिष्ठ भाजपा नेता
औरंगाबाद (बिहार)

प्रेम और भाईचारे के प्रतीक का त्योहार रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं
SANGAM RESORT & BANQUET HALL
सत्येन्द्र यादव
निदेशक : संगम रिसॉर्ट एंड बैंक्वेट हॉल,
अजरकवे हसौली, एनएच-19, औरंगाबाद
सह- अध्यक्ष, विरासत बचाओ संघर्ष परिषद

रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राम इकबाल यादव
थानाध्यक्ष
बारून (औरंगाबाद)

रंगों का त्योहार होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार सिंह
सचिव
रमेश प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट
रमेश चौक, औरंगाबाद (बिहार)

रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना
भारत सरकार
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग
जन औषधि
प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (PMBJK09574)
नागा बिगहा रोड, औरंगाबाद (बिहार)
PMBJK 09574
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मशाला रोड, औरंगाबाद (बिहार)
PMBJK 10737
संचालक : संतोष कुमार

रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं
With Best Compliments From
4G ELECTRICALS
Come Here For Better Experience
Deals with
All Kinds of Electricals Item
KOLORS make life better
Prop- Rahul Kumar Cont.- 7488989461
Add: Maharajganj Road, Aurangabad (Bihar)

रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाएं
Pro: SAKET RAVI Mob:- 9334706796 Since 2010
SINGHAL & SONS
SINGHAL ENTERPRISES
All Kinds of Computer Appliances, Laptop, Printer, Sanitary, Electricals, Bulbs Etc.
Finance Available
Add:- Naga Bigha Road, Aurangabad Bihar - 824101



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

होली के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है तथा समाज में एकता, भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है।

मैं राज्यवासियों से अपील करता हूँ कि वे आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ इस त्योहार को मनाएँ।

मेरी कामना है कि रंग, उमंग और आनंद का यह त्योहार समस्त बिहारवासियों के लिए सुख, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आये तथा उनके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR. No. 021226 (Governor Secretariat)D. 2024-25



बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व **होली 14 और 15 मार्च, 2025** को मनाया जायेगा। असत्य एवं अहंकार पर सत्य की विजय के पर्व के रूप में हम हजारों वर्षों से **'होली'** का त्योहार मनाते आये हैं। रंग और अबीर हमारे पारस्परिक प्रेम की अभिव्यक्ति है, इसका प्रयोग किसी की इच्छा के विरुद्ध नहीं किया जाना चाहिए और इस बात का विशेष ध्यान रहना चाहिए कि पर्व मनाते समय ऐसा कुछ भी नहीं किया जाए जिससे किसी व्यक्ति अथवा समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुँचे।

राज्य के सभी भाईयों एवं बहनों से मेरी यह अपील है कि होली का पर्व मनाते समय आपसी सद्भाव एवं भाईचारा हर हाल में कायम रखा जाए।

मेरी शुभकामना है कि यह पर्व बिहार की जनता के लिए सुख, शांति, समृद्धि और परस्पर सौहार्द का नया विहान लाए।

(नीतीश कुमार)

PR. No. 20974 (Home)D. 2024-25